

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 22 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-205 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112






रायपुर। नवरात्रि के अष्टमी के दिन शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से दर्शन पूजन और हवन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही ।

## संक्षेप




### सीएसईबी पॉवर प्लांट में लगी आग

**कोरबा,22 अक्टूबर।** सीएसईबी के दर्री स्थित पॉवर प्लांट में रविवार को दोपहर आग लग गई. कोल हैंडलिंग प्लांट के कन्वेयर बेल्ट में आग लगने से प्लांट में हड़कंप मच गया. आगजनी से प्लांट से बिजली उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है. देश के सबसे बड़े सीएसईबी दर्री के कोल हैंडलिंग प्लांट के कन्वेयर वेल्ट में अचानक आग लग गई. घटना की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आनन-फानन में आग बुझाने का काम शुरू किया. वहीं प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए. फिलहाल, आग कैसे लगी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इसके पीछे कर्मचारियों की लापरवाही मानी जा रही है. इस आगजनी की वजह से प्लांट में कोयला सप्लाई प्रभावित होने की आशंका है, जिसके चलते बिजली उत्पादन प्रभावित हो सकता है.

### माता के मंदिर में मिर्च से होता है हवन

**रायपुर,22 अक्टूबर।** भारत में ऐसे बहुत से मंदिर मौजूद हैं जो अपने चमत्कारों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है इन चमत्कारों को देख कर लोगों को काफी आश्चर्य होता है, परंतु इन मंदिरों के प्रति लोगों का अटूट विश्वास देखा जा सकता है ऐसा ही चमत्कारिक मंदिर डोंगरगढ़ में मां बमलेश्वरी का है. डोंगरगढ़ में जमीन से करीब 2 हजार फीट की ऊंचाई पर मां बमलेश्वरी विराजती है. मां की एक झलक पाने के लिए दूर-दूर से भक्तों का जत्था माता के इस धाम में पहुंचता है. मान्यता है कि यहां मिर्च से हवन किया जाता है. मंदिर में प्रवेश करते ही सिंदूरी रंग में सजी मां बमलेश्वरी का भव्य रूप बरबस ही भक्तों को आपनी ओर खींच लेता है. साल के दो नवरात्रों चैत्र और शारदीय नवरात्रों में तो यहां की छटा देखते ही बनती है. लंबी-लंबी कतारों में खड़े भक्त घंटों यहां मां की एक झलक भर पाने का इंतजार करते हैं. इस मंदिर के अंदर हवन की विधि बहुत ही अनोखी है यहां पर हवन सामग्री में लाल मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसा माना जाता है कि लाल मिर्च शत्रुओं को नष्ट करती है. इसलिए हवन सामग्री में लाल मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है. ताकि जो व्यक्ति हवन करवाता है उसके सभी शत्रु समाप्त हो जाएं अगर आपको अपनी मनोकामना पूरी करनी है, तो माता के इस मंदिर में अवश्य जाएं, ऐसा कहा जाता है कि माता रानी इस मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं और सभी भक्तों के कष्ट भी दूर हो जाते हैं.

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या पर जताया दुख

**रायपुर,22 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा नेता बिरझू तारम की हत्या पर दुख जताया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा के सामने अगर हम राजनीति के आइने को रख देंगे, तो हिंसा जीत जाएगी, छत्तीसगढ़ के लोग हार जाएंगे. हम सबको मिलकर लड़ना है. झीरम के बाद भी हम सब संभले हैं, और अभी तक लड़ाई लड़ रहे हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि मोहला-मानपुर में आदिवासी नेता बिरझू तारम की हत्या असहनीय है.

## हिंदू धर्म सभी संप्रदायों का सम्मान करता हैः भागवत

**नागपुर,22 अक्टूबर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि हिंदू धर्म सभी संप्रदायों का सम्मान करता है और भारत में कभी भी उन मुद्दों पर झगड़े नहीं हुए, जिनकी वजह से आज हमास-इजराइल के बीच युद्ध हो रहा है। मोहन भागवत, छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यहां एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा, ''इस देश में एक धर्म, संस्कृति ऐसी है, जो सभी संप्रदायों और आस्थाओं का सम्मान करती है। वह है हिंदू धर्म। यह हिंदुओं का देश है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम अन्य सभी (धर्मो) को अस्वीकार करते हैं। यहां जब आप हिंदू कहते हैं तो यह बताने की जरूरत नहीं होती कि मुसलमानों को भी सुरक्षा दी गई है। केवल



हिंदू ही ऐसा करते हैं। केवल भारत ही ऐसा करता है। दूसरे देशों में ऐसा नहीं होता।'' उन्होंने कहा, ''सभी जगह संघर्ष हो रहे हैं। आपने यूक्रेन युद्ध, हमास-इजराइल युद्ध के बारे में तो सुना ही होगा। हमारे देश में ऐसे मुद्दों पर कभी युद्ध नहीं हुए। शिवाजी महाराज के समय में हुआ आक्रमण उसी प्रकार का था। लेकिन हमने इस मुद्दे पर कभी किसी से लड़ाई नहीं लड़ी। इसीलिए हम हिंदू हैं।

## डबल मर्डर के आरोपी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महासमुंद,22 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले में डबल मर्डर के आरोपी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. आरोपी पोखराज ठाकुर ने ग्राम दरबेकेरा में अपने मामा के घर से 100 मीटर दूर एक आम पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबाहरा भेज दिया है. मामला कोमाखान थाना क्षेत्र का है. उल्लेखनीय है कि, 17 अक्टूबर को ग्राम पतेरापाली में आरोपी पोखराज ठाकुर ने विवाद होने पर शराब के नशे में सब्बल और धारदार हथियार से हमला कर अपनी भाभी और मासूम भतीजे की हत्या की थी. वारदात



को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था. पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. इस बीच आज पोखराज ठाकुर की आत्महत्या करने की सूचना मिली.

## सिम्स की बदहाली का हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

### डीन को लगाई फटकार, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव और समाज कल्याण विभाग को दो दिन में रिपोर्ट देने का आदेश

**बिलासपुर**

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सिम्स की बदहाली की खबरों पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई. इस दौरान जवाब देने के लिए उपस्थित हुए सिम्स के अधीक्षक को कोर्ट ने फटकार लगाते हुए यहां तक कह दिया कि जो व्यक्ति स्वयं अनफिट है, उसे अधीक्षक कैसे बना दिया गया. कोर्ट ने मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव के साथ कलेक्टर को सिम्स अस्पताल की पूरी रिपोर्ट मंगलवार सुबह 10 बजे तक उपस्थित होकर कोर्ट में पेश करने कहा है. मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि समाचारों और सोशल मीडिया के माध्यम से, सिम्स में खराब कामकाज की स्थिति और चिकित्सा सुविधाओं की कमी के बारे में नियमित रूप से रिपोर्ट आ रही है, लेकिन न्यायालय ने इस उम्मीद के साथ स्वतः संज्ञान लेने से खुद को रोक लिया कि चीजों में सुधार होगा. लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है. लगातार सिम्स की खामियां सामने



आ रही हैं. सिम्स पहुंचने वाले मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. उन्हें बीमारियों का इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, इसलिए दशहरा की छुट्टियों के दौरान संज्ञान लेने को विवश हो रहे हैं. हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जवाब देने सिम्स के डीन डॉ. के.के. सहारे को जाना था. लेकिन निजी कारणों से वे हाईकोर्ट नहीं पहुंचे. उनकी जगह सिम्स अधीक्षक डॉ. नीरज शिंदे हाईकोर्ट गए. बेंच ने उनसे कई सवाल किए. कोर्ट ने अस्पताल में मेडिकल प्रैक्टिशियर की जानकारी मांगी, यह पूछा कि यहां कितने एमडी और कितने एमबीबीएस डॉक्टर हैं ? इसके बारे में भी डॉ. शिंदे जवाब नहीं दे पाए. उनसे स्ट्रेचर और व्हील चेयर के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि केजुअल्टी में 10 व्हील चेयर और 10 स्ट्रेचर हैं. चीफ जस्टिस सिन्हा ने कहा कि आप अपने चेंबर तक जाते हैं तो आपको बदहाली नहीं नजर आती क्या ? मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य की है, हमारे पास बहुत काम है, लेकिन अब हम मजबूर होकर स्वतः संज्ञान ले रहे हैं. हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, सचिव स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य को बुनियादी ढांचे, तैनात डॉक्टरों की संख्या, सुविधाओं और पिछले तीन वर्षों के लिए सिम्स को आवंटित धन और उसके उपयोग के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दो दिन के भीतर दाखिल करने कहा है.हाईकोर्ट के द्वारा स्वत संज्ञान में लिए याचिका की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एस. सी. वर्मा, अतिरिक्त महाधिवक्ता चंद्रेश श्रीवास्तव और विक्रम शर्मा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए. महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने कोर्ट से कहा कि सिम्स की स्थिति पर खुद को असहज महसूस कर रहे है. उन्होंने कहा है कि वे अपनी टीम के साथ वहां जाकर बुनियादी सुविधाओं के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करेंगे.

## एजेंसियों ने गाजा में सहायता पहुंचने का स्वागत किया

**संयुक्त राष्ट्र,22 अक्टूबर।** संयुक्त राष्ट्र के नेताओं और एजेंसियों ने मिस्र से राफा सीमा पार कर गाजा में मानवीय सहायता पहुंचने का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल एक छोटी सी शुरुआत है।

उन्होंने इस दौरान अपनी तत्काल युद्धविराम के लिए की गई अपील को भी दोहराया। इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी के 20 ट्रकों के काफिले ने मानवीय आपूर्ति के साथ गाजा में प्रवेश किया। यह पहली खेप है जो सात अक्टूबर को इजराइल पर फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध के बाद गाजा पहुंची है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने शनिवार को कहा, मैं, इस संबंध में मिस्र के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन गाजा को इससे बहुत अधिक चाहिए, उन्हें आवश्यक पैमाने पर मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की आवश्यकता है। गुतारेस ने शांति के लिए काहिरा शिखर सम्मेलन में कहा, हम इसे संभव बनाने के लिए संबंधित सभी पक्षों के साथ लगातार काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए), संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और इजिप्शियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी से पहली लेकिन सीमित जीवन रक्षक मानवीय आपूर्ति की खेप राफा सीमा को पार कर गाजा में पहुंची। यह खेप लाखों नागरिकों अधिकतर महिलाओं और बच्चों में से कुछ संख्या को तत्काल आवश्यक राहत जरूर प्रदान करेगी जो पानी, भोजन, दवा, ईंधन और अन्य आवश्यक चीजें के अभाव का सामने कर रहे हैं। एजेंसियों ने कहा, यह बहुत छोटी शुरुआत है और लक्ष्य बहुत बड़ा है। गाजा में 16 लाख लोगों से अधिक को आवश्यक मानवीय मदद की जरुरत है। बच्चे, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक खतरा है। गाजा की आधी से अधिक आबादी बच्चों की है।



## सुरक्षा के लिए तैनात किए जाएंगे 3000 सीआरपीएफ जवान

**दुर्ग,22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की कमान अब सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स संभालेगी. रविवार को विशेष ट्रेन से सीआरपीएफ के 3000 जवान दुर्ग पहुंचे. नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सुदूर अंचलों और शहरों में केंद्रीय फोर्स की तैनाती की जाएगी. मरोड़ा स्टेशन से उतरकर प्रथम चरण के मतदान केंद्रों के लिए अलग-अलग क्षेत्रो में किया इन जवानों को डिप्लॉय किया जाएगा. जिसके लिए 600 से ज्यादा बस, सूमो, ट्रक का अधिग्रहण किया गया है. ये फोर्स दूसरे चरण के चुनाव तक मोर्चा संभालेंगी. बता दें कि छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है. 20 सीटों में पहले मतदान होगा. जिसमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर-मोहला, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोड़ागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा विधानसभा शामिल है.

## कारोबारी से 34.67 लाख रुपये जब्त

**रायपुर,22 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आदर्श आचार संहित के मद्देनजर चल रही चेकिंग के दौरान कारोबारी हेमंत मेघानी निवासी पुरानी बस्ती से 34 लाख 67 हजार रुपये जब्त किए गए। पुलिस अब इसकी सूचना आयकर विभाग को देगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखने के साथ ही आदर्श आचार संहिता के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रेंज जिला रायपुर आरएल डांगी और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बलों द्वारा जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में फिक्स चेकिंग पाइंट लगाकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही पैदल पेट्रोलिंग कर आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए



समस्त प्रकार के वाहनों में अवैध रूप से शराब परिवहन, चुनाव से संबंधित अन्य सामग्री सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर लगातार चेकिंग की जा रही है। शनिवार को थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत तेलघानी नाका स्थित नेमीचंद गली पास एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग करने के साथ दोपहिया, चारपहिया वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ज्यूपीटर वाहन में सवार एक व्यक्ति बैग में कुछ सामान लेकर जा रहा था, जिसे टीम के सदस्यों द्वारा रोकवाकर बैग को चेक किया गया।

**आयकर विभाग को दी सूचना**-बैग को चेक करने पर उसमें नकदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत मेघानी निवासी लाखेनगर पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नकदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा हेमंत मेघानी के पास रखें नकदी रकम 34 लाख 67 हजार रुपये को जब्त कर इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है।

## सुकमा में 2 नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

**सुकमा,22 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाने की पूरी तैयारियों के बीच सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चुनाव में दहशत फैलाने की प्लानिंग को पुलिस और सीआरपीएफकी टीम ने विफल कर दिया है। चिंतागुफा थाने के बुरकापाल के पास मोबाइल चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने विस्फोटकों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गये व्यक्तियों के थैले की चेकिंग करने पर स्टील वॉल 800 नग, मशीन स्क्रू 1200 नग, मशीन स्क्रू 6 बॉक्स, यूएसबी स्मार्ट एडाप्टर चार्जर 01 नग, प्लास्टिक लेवलिंग पाईप 02 बंडल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 03 नग, नान इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 04 नग, कार्डेक्स वायर लगभग 10 मीटर, और जिलेटिन रॉड 04 नग बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर



न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सल अभियान के तहत सीआरपीएफ 131 वीं वाहिनी, 226 वाहिनी और जिला बल की संयुक्त पार्टी द्वारा 18 अक्टूबर को थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प बुरकापाल में मोबाइल चेक पोस्ट ड्यूटी हेतु रवाना हुए थे। इस दौरान कैंप बुरकापाल के सामने मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही की जा रही थी। इसी दरमियान दोरनापाल से चिंतलनार की ओर जा रही पिकअप वाहन को रोका गया जिसमें बैठे सवारियों के सामानों की चेकिंग की जा रही थी इस दौरान दो व्यक्ति थैला पकड़े हुए वाहन से कूदकर भागने लगे। जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनकी पहचान मड़कम नरेश और सुखराम यादव निवासी दुलेड़ के रूप में हुआ। पुलिस को देखकर भागने का कारण पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उक्त सामग्रियों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में नक्सली सहयोग का कार्य करना तथा बड़े नक्सली कमांडर के कहने पर विस्फोटक सामग्रियों का परिवहन करना बताया गया।

## राजधानी में किराना दुकान में आग

**रायपुर,22 अक्टूबर।** राजधानी में तड़के सुबह एक किराना दुकान में आग लग गई. आग लगने से दुकान में रखा सारा समान जलकर खाक हो गया है. घटना सुबह 4 बजे की बताई जा रही है. आग लगने से स्थानीय लोगो में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची. फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है. बता दें ये घटना टिकरापारा के छत्तीसगढ़ नगर में हुई है. टिकरापारा थाना क्षेत्र का पूरा मामला है.



# विजय शर्मा ने किया वनांचल क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,22 अक्टूबर।** भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा ने बोड़ला ब्लाक के सुदूर वनांचल ग्राम दलदली, सिंघारी,बैजलपुर,भोंदा सहित दर्जनों ग्रामो में जनसंपर्क किया । इस दौरान बैगा ,आदिवासी भाइयों ,बहनों ने विजय शर्मा का जमकर स्वागत किया । जनसम्पर्क के दौरान नुक्कड़ सभा का आयोजन भी किया गया । प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार वनांचल पहुँचे विजय शर्मा का कार्यकर्ताओं ने भी जमकर स्वागत किया । इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा वनांचल में भी अंतिम छोर में बसे गाँव से लेकर मैदानी क्षेत्र तक वर्तमान विधायक से मुक्ति के लिए लोग बैचेन है , मैदानी क्षेत्र के आस पास कोई घटना घटती है तो थोड़ा बहुत पता चल भी जाता है पर वनांचल क्षेत्रो में भी दबाव की राजनीति का असर है ।



उन्होंने कहा चुने हुए जन प्रतिनिधि पंच ,सरपंचों को धारा 44 में बर्खास्त करने की धमकी और गीदड़ भपकियो के भरोसे मो अकबर ने 5 वर्ष काटे है । मो अकबर के दबाव की राजनीति का असर बैगा ,आदिवासी भाइयों के बीच है मुझे प्रेम करते है कई भाई सरपँच आके बताते थे किसी को जेल की धमकी देकर कांग्रेस प्रवेश करा रहे है तो किसी को पद से हटा देने की धमकी देकर । उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल मे सुदूर वनांचल में जो विकास की गति पकड़ी थी वो इन 5 सालों में अवरुद्ध हुआ । गरीबो का आवास उन तक पहुँच नही पाया । दलदली बन्द होने से भी रोजगार के अवसर कम हुए । सीएसआर मन्द से भी विकास होता वह भी नही हो पाया । उन्होंने कहा जिसप्रकार रात के 10 बजे 11 बजे तक ग्रामीणों का उत्साह दिख रहा है यह ऊर्जा देता है और बताता है मुक्ति संग्राम में जनता विजय बनकर चुनाव लड़ रही है । इस दौरान भाजपा के विदेशी राम धुर्वे, मंडल अध्यक्ष काशीराम उइके,बरसाती राम,विजय पाटिल ,मनीराम साहू,रामविलास चंद्रवंशी, नमन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मां दुर्गा मंदिर में अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** सुबह सुबह माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है । शीतला मंदिर , महामाया मंदिर , मां दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा अष्टमी पर्व में अगरबत्ती एवं दिया जलाकर केला , सेब , मिठाई और नारियल और लाल चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की । सुबह से ही मिठाई दुकानों के साथ फल खरीदने वालो का तांता दिखा । फूल बेचने वालो के चेहरे में मुस्कान दिखी । पीएचई एसडीओ दिलीप सिंह राजपूत ने बताया की मां दुर्गा की पूजा करने से मन में शांति मिलती है और मनोकामना पूर्ण होती है । कवर्धा , पोड़ी , नैउरगांव खुर्द और नैउरगांव कला , मानिकपुर , पांडातराई , सहसपुर लोहारा , कुंडा , रणविरपुर , बिरोड़ा में दुर्गा की मूर्ति को देखने के लिए सपरिवार पहुंचते है और दुर्गा माता का आशीर्वाद लेते है ।

### शारदीय नवरात्रि के अष्टम दिवस माँ महागौरी की उपासना

**उतई, 22 अक्टूबर।** माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप का नाम महागौरी है। इनके शरीर का वर्ण पूर्णतः गौर तथा वस्त्राभूषण आदि भी श्वेत है इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गयी है, इनकी चार भुजाएं है तथा इनका वाहन वृषभ है। इनकी दायीं ओर की दो भुजाओं में वरमुद्रा तथा त्रिशूल और बायीं ओर की दो भुजाओं में डमरू और अभय मुद्रा सुशोभित है। नवरात्र पर्व के अष्टम दिवस इनकी उपासना का विधान है। इनकी उपासना अमोघ तथा सद्यः फलदायी है। इनकी उपासना से भक्तों का सर्वविध कल्याण होता है और उनके पूर्वसंचित समस्त पापों का विनाश हो जाता है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है, जो मनुष्य सदैव माँ गौरी की अनन्य भाव से भक्ति करते है, उनकी सभी मनोरथ सिध्द हो जाते है, पुराणों में इनकी अनन्त महिमा का वर्णन किया गया है।।

माँ महागौरी ध्यान मंत्र  
श्वेते वृषे समारुढा, श्वेताम्बरधरा शुचिः।  
महागौरी शुभम् दद्यात, महादेव प्रमोददा।।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई पुलगांव थाना



अंतर्गत शनिवार की सुबह तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया इस घटना में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।इलाज के लिए अस्पताल में भर्जी कराया, जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलगांव तपेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि सुबह 6.35 बजे रसमडा बाय पास रोड में राजनांदगांव से रायपुर जा रही स्विफ्ट कार चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। मोटर साइकिल सवार के पैर और सिर पर गंभीर चोट आई है एवं कार सवार में सवार चार लोग को भी चोटे आई है। वहीं इलाज के दौरान कुरुद जामुल निवासी कुश शर्मा ( 20 वर्ष ) की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### चाकू लहराता युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई आम रास्ते में चाकू लहराकर धमकाने वाले एक युवक को वैशाली नगर पुलिस ने पकड़ा आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुंडा, बदमाशों व अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है इसी क्रम में शनिवार को मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक कचरा भट्ठी के पास जवाहर नगर आम रास्ते में अपने हाथ में लोहे का चाकू रखकर आने-जाने वालों को धमका रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचा जहां पर युवक पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्गेश यादव (32 वर्ष) निवासी जवाहर नगर बांबे आवास बताया ।

### महिला से दुष्कर्म,युवक की तलाश जारी

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई कुम्हारी थाना अंतर्गत एक शादी शुदा महिला को प्रेम जाल में फंसाकर एक युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया पीड़िता 6 महीने से गर्भवती है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। कुम्हारी टीआई संजीव मिश्रा ने बताया कि 29 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हरप्रीत उर्फ सेट्ठी (35 साल) निवासी मध्य प्रदेश व महिला दोस्ती हुई इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध भी बने इससे महिला गर्भवती हो गई। जब महिला ने हरप्रीत से गर्भवती होने की बात बताई और पति से अलग होकर शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया महिला के दबाव डालने पर हरप्रीत ने महिला से दूरियां बनाना शुरू कर दिया और उसके बाद वह भाग गया ।

# पंडरिया विधानसभा में कांग्रेस की बैठकों का दौर जारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** पंडरिया विधानसभा में कांग्रेस का लगातार बैठकों का दौर जारी है। वही शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस पंडरिया द्वारा बैठक आहुति की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी वरिष्ट नेताओ सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।नीलकंठ बैठक में पहुँच वरिष्ठजनों से भेंट कर आशीर्वाद लिया व सभा को सम्बोधित करते हुए कहा पंडरिया का हर एक किसान हर कांग्रेस का कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहा है मैं सिर्फ आप लोगो का सेवक हूँ। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लालजी चंद्रवंशी ने कहा कांग्रेस हमेशा से किसानों की चिंता करती है। आज कांग्रेस ने फिर से किसानों की सेवा करने पंडरिया विधानसभा से किसान पुत्र नीलकंठ चन्द्रवंशी को प्रत्याशी बनाया है। हम सब आज इस बैठक के माध्यम से संकल्प लेते है नीलकंठ को अधिक से अधिक मत दिलाकर इन्हें विधानसभा तक पहुँचाना है व फिर से भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार लाना है। बैठक में प्रमुखरूप से लालजी चन्द्रवंशी, विष्णु साहू, तुकाराम चन्द्रवंशी, नवीन जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम साहू जिला महामंत्री, राधे लाल भास्कर, मनीष शर्मा,रामकुमार ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वैशाली नगर में कांग्रेस का परचम लहराने मुख्यमंत्री गंभीर

**भिलाई ।** वैशाली नगर विधानसभा में कांग्रेस का परचम लहराने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गंभीर है। इस बात का अंदाजा उनके द्वारा यहां से कांग्रेस टिकट के सभी दावेदारों को अपने रायपुर निवास पर बुलाकर समझाइश देने से लगाया जा सकता है। वैशाली नगर में एक उप चुनाव को छोड़ बाकी के तीन चुनाव में भाजपा को जीत मिली है। इस बार प्रदेश में कांग्रेस से सबसे अधिक दावेदारों को लेकर यह सीट खासा चर्चे में रही है। वैशाली नगर विधानसभा से कांग्रेस ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। हालांकि अब तक मुकेश को प्रत्याशी बनाए जाने का विरोध सामने नहीं आया है। लेकिन जिस तरीके से यहां कांग्रेस प्रत्याशी बनने दावेदारों की होड़ मची हुई थी, उससे अधिकृत प्रत्याशी मुकेश चन्द्राकर के साथ भीतरघात होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। संभवतः इस बात की आशंका कांग्रेस के प्रदेश संगठन को भी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वैशाली नगर विधानसभा से टिकट चाहने वाले सभी दावेदारों को अपने रायपुर निवास पर बुलाकर समझाइश देने की खबर ने इस बात का साफ तौर पर अहसास करा दिया है।



इससे यह भी पता चलता है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वैशाली नगर में कांग्रेस का परचम लहराने बेहद गंभीर हैं। गौरतलब रहे कि वैशाली नगर विधानसभा अपने अस्तित्व में आने के साथ के ही कांग्रेस के लिए परेशानियों का सबब रही है। वर्ष 2008 के पहले चुनाव में यहां से भाजपा की सरोज पाण्डेय विधायक चुनी गई। लेकिन छह महीने बाद उनके सांसद निर्वाचित होने पर खाली हुई वैशाली नगर सीट पर उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के भजन सिंह निरंकारी विधायक बने। बस कांग्रेस की यही एक जीत वैशाली नगर से रही है। इसके बाद हुए दोनों चुनाव में भाजपा के विद्यारतन भसीन विधायक बनने रहे। भसीन ने पहले भजन सिंह निरंकारी और दूसरे चुनाव में बदरुद्दीन कुरैशी को पराजित किया। इस बार पूरे प्रदेश से सर्वाधिक 67 कांग्रेस नेताओं के द्वारा यहां से टिकट की दावेदारी की गई थीए परंतु कांग्रेस हाई कमान ने इस सीट पर भिलाई शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। मुकेश चन्द्राकर को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सभी 67 दावेदारों के मान मनौवल का दौर शुरू हो गया है। इस कार्य को अंजाम स्वयं मुख्यमंत्री के द्वारा ही दिया जा रहा है टिकट से वंचित सभी दावेदारों को साधने के लिए सीएम हाउस रायपुर से बुलावा भेजा गया था। बताते हैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टिकट से वंचित सभी दावेदारों को पार्टी हित में एकजुट होकर मुकेश चन्द्राकर के पक्ष में काम करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि सभी दावेदार समर्पित होकर कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और राज्य सरकार के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं को मतदाताओं तक पहुंचाने में सफल होंगे तो वैशाली नगर विधानसभा से भाजपा को पराजित करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। महापौर नीरज को मिली थी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के द्वारा बुलावे के साथ सभी 67 दावेदारों को सीएम हाउस तक लाने की जिम्मेदारी भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल को सौंपी गई थी। महापौर नीरज पाल संदेश मिलते ही सक्रिय हो गए थे। उन्होंने वैशाली नगर विधानसभा से दावेदार रहे सभी नेता और नेत्रियों की सूची सामने रख फोन से संपर्क किया। लेकिन कुछ दावेदार जानकारी मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री निवास नहीं गए।

# युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल दशहरा के दिन करेगा 60 फीट का रावण दहन:चन्ना केशवल्लू

**भिलाई।** श्रीरामचन्द्र जी की लंका पर जीत अर्थात असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दषहरा पर शहर की प्रख्यात आयोजन समिति युवा खेल एवं सांस्क्रति मंडल एवं भिलाई इस्पात मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दषहरा पर्व का भव्य आयोजन सेक्टर 7 हाईस्कूल के पास दषहरा मैदान में किया जायेगा। आयोजन का यह 28वां साल है। इस साल दषहरा पर्व पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केडिया ग्रुप के वाईस चेयरमने नवीन केडियां करेंगे। वही विषेष रूप से रिकेष सेन, षलभ केडिया, संजीव फतेहपुरिया एवं ष्यामसूर्ति राजू शामिल होगें। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवल्लू ने एक पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस साल हिन्दु स्वर साम्राज्ञी सुप्रसिद्ध गीत हर घर भगवा छायेगा फेम गायिका सुश्री लक्ष्मी दुबे के भव्य संगीतमय कार्यक्रम का जहां आयोजन किया गया है वहीं इस साल रावण का 60 फीट फंचा व कुंभकरण व मेघनाथ का 40 फीट के पुतला का दहन किया जायेगा।



इसके अतिरिक्त काकीनाडा आंध्रप्रदेष के सुप्रसिद्ध आतिषवाजी की के साथ ही आईपीएल स्तर की इलेक्ट्रानिक आतिष बाजी का भी आयोजन किया गया है। प्रतिवर्षानुसार इस साल भी दषहरा के दिन रावण दहन में शामिल होने वाले वाले जनसमूह की सुविधाओ के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई है जिसमें बैठने के लिए 8 हजार सोफा-कुर्सियां लगाया जायेगा वहीं गाडियों के पार्किंग के लिए दो स्थानों को निर्धारित किया गया है जिसमें गेस्ट पास एवं व्हीव्हीआईपी पासधारकों के लिए इस्पात क्लब सेक्टर 7 एवं समस्त जनों के लिए सेक्टर 7 हाईस्कूल मैदान में व्यवस्था की गई है। समूचे दषहरा मैदान सेक्टर 7 हाईस्कूल मैदान व इस्पात क्लब सेक्टर 7 में विषाल टॉवर बनाकर प्रकाष की भी अलग से इस बार व्यवस्था की गई है। सुश्री लक्ष्मी दुबे के कार्यक्रम का सभी लोग अच्छे से आनंद ले सकें, इसके लिए समिति द्वारा 24बाई 36 फीट विषाल एवं 10 फीट उंचा स्टेज पर ट्रस एवं डिस्कोलाईट सहित 600 वर्गफीट विषाल एलईडी की विषेष व्यवस्था की गई है जिसके माध्यम से समस्त उपस्थित जन कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित दुर्गोत्सव के प्रथम वर्ष में प्रदर्षित भगवान हनुमान जी की बाल्यकाल एवं विभिन्न लीलाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्षन दषहरा के दिन भी भक्तों के लिए खुला रहेगा। पत्रकारवार्ता में समिति के अध्यक्ष केषवल्लू के अतिरिक्त अन्द पदाधिकारियों में अमर प्रकाश राव, रविन्द्र सिंह, रविशंकर सिंह, जोगेन्द्र कुमार, सुदीप अग्रवाल, वषिष्ट वर्मा, हरिषंकर चतुर्वेदी, संतोष सिह, व्ही शिवराम, बी पदमनाभन एवं टी षंकर उपस्थित थे।

# जमीन फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह गिरफ्तार



भिलाई, 22 अक्टूबर । भिलाई फर्जी आदमी बनकर करोड़ों की जमीन का अफरा तफरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश सुपेला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 466, 467, 468, 471, – 120 बी, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि प्रार्थी योगानंदन निवासी पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी जमीन कोहका भिलाई स्थित को कोई अज्ञात व्यक्ति नकली योगानंदन बन कर फर्जी कागजात तैयार कर बिक्री कर दिया है। रिपोर्ट जांच पर मामला फर्जी कागजात तैयार कर जमीन बिक्री करना पाये जाने से थाना सुपेला में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना किया गया। विवेचना के दौरान पाया गया कि प्रार्थी योगानंदन की जमीन कोहका भिलाई स्थित खसरा नं. 5243/2, 5243 / 3 रकबा 3000 वर्गफीट को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा फर्जी योगानंदन बनकर उनकी उक्त जमीन को फर्जी ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज तैयार कर आसमा खातून व विपिन अग्रवाल को बिक्री कर दिया। प्रकरण में आरोपी राकेश राय ( 48 साल) निवासी कैलाश नगर जामुल, एन रमेश उर्फ योगनंदन यादव (58 साल) निवासी दीनदयाल कालोनी जुनवानी थाना सुपेला व प्रशात कुमार (44 साल ) निवासी वार्ड नं. 58 बीडी कालोनी उरला दुर्ग मिले, जिनसे पुछताछ पर पाया गया कि सभी आरोपी एक साथ मिलकर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर एन. रमेश को फर्जी योगनंदन बनाकर उसका आधार कार्ड, बैक खाता खोलवा कर, डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका बनवा कर । फर्जी तरीके से जमीन रजिस्ट्री कर धोखाधडी करना पाये जाने पर आरोपीगणों से मोबाईल, आधार कार्ड, शपथ पत्र, लैपटाप, कलर प्रिंटर तथा 2 लाख रूपये नगदी बरामद किया गया है। इस करवाई उप निरी. अमित अंदानी, सउनि दिनेश सिंह, आर. जुनैद सिद्धीकी शामिल थे।

# बीएमएस ने की अपनी 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** राधेश्याम अध्यक्ष, रविशंकर कार्यकारी अध्यक्ष तो चन्ना केशवलू बने महामंत्री बीएमएस कर्मचारियों की हित व सेवा के लिए हमेषा खडी है-चन्ना केषवल्लू भिलाई। भिलाई इस्पात मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा आज कर दी गई। 51 सदस्यीय कार्यकारिणी में जहां राधेष्याम जायसवाल को अध्यक्ष जबकि कार्यकारी अध्यक्ष रविषंकर सिंह को बनाया गया है, वहीं महासचिव की जिम्मेदारी चन्ना केषवल्लू को मिली है। उक्त बातें आज एक पत्रकारवार्ता में बीएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष रविषंकर सिंह एवं महासचिव चन्ना केषवल्लू ने दी। श्री चन्ना और श्री सिंह ने आगे कहा कि गत 10 अक्टूबर को भिलाई इस्पात मजदूर संघ यूनियन सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव तीन वर्ष के लिये प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के निर्देश एवं मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शोभा सिंह देव की उपस्थिति में भिलाई इस्पात मजदूर संघ कार्यालय सेक्टर-6 में सम्पन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय सचिव भारतीय मजदूर संघ एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल अध्यक्ष एवं रविशंकर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष तथा चन्ना केशवलू महामंत्री निर्वाचित हुए। इसी प्रकार अन्य पदों में 9 उपाध्यक्ष, 10 संयुक्त महामंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 उप कोषाध्यक्ष एवं 26 सचिव निर्वाचित हुए जिनमें उपाध्यक्ष- इन्द्रमणी मिश्रा, दिनेश पांडेय, सन्नी ईप्पन, शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, कैलाश सिंह, सुरेन्द्र चौहान, डिल्ली राव, मृगेन्द्र कुमार, संयुक्त महामंत्री- वशिष्ट वर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार पाल, उमेश मिश्रा, संजय प्रताप सिंह, जोगेन्द्र कुमार, अनिल गजभिए,



राजनारायण सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, गौरव कुमार ष्शामिल है। वहीं कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, उपकोषाध्यक्ष- प्रकाश अग्रवाल, सचिव गंगाराम चौबे, दीनानाथ जैसवार, संतोष सिंह, जॉन आर्थर, अमित कुमार सिंह, सुदीप सेन गुप्ता, पूरनलाल साहू, मिलाप साहू, नवनीत हरदेल, नागराजू, अरविन्द सिंह, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, संजय कुमार साकुरे, अखिलेश उपाध्याय, अशोक कुमार, प्रकाश सोनी, ए. वेंकट रमैय्या, दीपक मिश्रा, काकुली दत्ता, ग्रीटल बी. पॉल, होत्री प्रभाकर वर्मा, सुबोदीप सरदार, प्रशांत कुमार, आर. के. सोनी है । इस दौरान कार्यरी अध्यक्ष रविषंकर सिंह और चन्ना केषवल्लू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि महारत्न कंपनी भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारी अपनी पूरी मेहनत से उत्पादन और उत्पादकता पर अपना खून पसीना बहाकर बीएसपी और सेल को भारी लाभ अर्जित करवा रहे है, लेकिन जो बोनस बीएसपी व सेल के अन्य कंपनियों को दिया गया है उससे बीएमएस नाखुष है। बीएसपी प्रबंधन ने बिना एनजेसीसीए की बैठक मे निर्णय के अपना तुगलकी फरमान जारी कर कर्मचारियों के खाते में मात्र 23-23 हजार रूपये डाल रही है, हम इसका कडे षब्दों में निंदा करते हैं उन्होंने आगे कहा कि प्रबंधन की हिटलर षाही को बीएमएस एवं संयंत्रकर्मी बर्दाष्त नही करेंगे। लगातार हम कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों के हितो के लिए कार्य कर रहे हैं, और आगे भी करते रहेंगे, अभी हमारा कार्यकाल एक वर्ष और बचा हुआ है। छोटे मकानों को ठेका श्रमिकों को लायसेंस में आबंटित करने बीएसपी प्रबंधन से कहा गया है चूंकि कर्मचारी निरंतर सेवानिव्रत हो रह है। उनमें अवैध कब्जा ना हो, और बीएसपी प्रबंधन को राजस्व का नुकसान ना हो, इन सभी चीजों को देखते हुए प्रबंधन से आग्रह है कि बीएसपी कर्मियों व पूर्व बीएसपी कर्मियां सहित ठेका श्रमिकों को आवास पूर्व में जैसे कम राषि जमा कराकर मकान लायसेंस में दिया गया था उसी प्रकार से इन ठेका श्रमिकों को भी मकान आबंटित किया जाये क्योंकि ठेका श्रमिक लाखों रूपये बीएसपी में जमा करके आवास लायसेंस पर नही ले सकता है। इन्होंने अपने संघ की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हमारे प्रयास से नये भर्ती युवाओं को भी एनक्यू4 टाईप मकान बीएमएस के सहयोग से ही आबंटित हो रहा है। पहले एक सिंगल कमरे का मकान आबंटित होता था जिसमें रहने में मुष्किल होता था। छोटे से लेकर 4 सौ स्क्वायर फीट के मकानों को 5 लाख रूपये जमा करने के बाद जो मकान लायसेंस में मिलता था हमारे अथक प्रयास से 2 सौ स्कवायर फीट के मकानों को मात्र ढाई लाख रूपये में आबंटित अब किया जा रहा है। 55 साल बाद सभी के प्रयास से बीएमएस को बीएसपी में मान्यता मिली है। हमने जो घोषणा पत्र जारी किये थे, उसमें काफी वादे पूरे हो चुके हैं। षेष जो बचे है, उसे भी जल्द पूरा करेंगे। कर्मचारियों के हित व सेवा के लिए बीएमएस हमेषा खडा है। बीएसपी प्रबंधन अपना अडियल रवैया अपनाना बंद करें। वहीं बीएसपी प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के गेट से प्रवेष के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य रूप से लागू किया गया था जिसके कारण कई निजी जानकारी अगले को मिलने का खतरा था इसलिए हमने प्रबंधन पर दबाव डालकर उस क्यूआर कोड को बंद कराया। एक प्रष्न का उत्तर देते हुए इन बीएमएस के दोनो नेताओं ने कहा कि बीएमएस में कोई दो फाड नही है, यह अनुषासित संस्था है। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार व अनियमितता की है हमने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है। जो बीएसपी के टाउनषिप के सेक्टर क्षेत्र में मकान डैमेज है, उन्हें अनफिट घोषित किया जाये और बारिष में छतो से टपकने वाले पानी से बचाव के लिए तारफेल्टिंग के लिए चारों दिषाओं के लिए अलग अलग ठेकेदारों की नियुक्ति कराकर वर्षो से पेंडिग पडी षिकायतों का त्वरित निराकरण करना भी बीएमएस की देन है। हमारी जीत का अर्थ है कि बीएमएस लगातार श्रमिकों के हित में कार्य कर रही है।

### आठ किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई ओडिशा से आठ किलो गांजा लेकर गुजरात के सूरत जा रहे आरोपित को जीआरपी ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपित पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस की जनरल बोगी में गांजा लेकर जा रहा था। मुखबिर से इसकी जानकारी मिलने के बाद जीआरपी ने उसे दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है जीआरपी ने बताया कि बरगढ़ थाना शेरगढ़ जिला गंजाम ओडिशा निवासी संजय प्रधान (25) को गिरफ्तार किया गया आरोपित पुलिस अहमदाबाद एक्सप्रेस की जनरल बोगी में सूरत की यात्रा कर रहा था। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर जीआरपी ने कोच की तलाशी ली और आरोपित को पकड़ा।

### निधन

**उतई।** नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड 7 निवासी 47 वर्षीय चंदशेखर वर्मा पिता मोतीलाल वर्मा का आकस्मिक निधन बीती रात हो गया।जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में आज दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

# शहरी सड़कों के रेस्टोरेशन और डामरीकरण में जुटा रायपुर स्मार्ट सिटी व निगम अमला

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर 22 अक्टूबर ।** शहरी क्षेत्र में संचालित ज़रूरी प्रोजेक्ट को पूरा करने के दौरान मुख्य मार्ग के रेस्टोरेशन व डामरीकरण के लिए नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी का मैदानी अमला पूरी तरह से जुटा हुआ है । पर्व अवधि में सघन ट्रैफ़िक दबाव के बीच सड़क सुधार कार्य से आम नागरिकों को परेशानी न हो , इसके लिए पूरी टीम रात्रि पालियों में रेस्टोरेशन और डामरीकरण का काम पूरा कर रही है।





रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री पी के पंचायती के अनुसार रायपुर में चल रहे अंडरग्राउंड केबलिंग और 24*7 जलापूर्ति जैसे अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करने के बाद सड़कों के रेस्टोरेशन का अधिकांश काम बारिश के दौरान ही पूरा कर लिया गया था ,अब बारिश थम जाने के बाद डामरीकरण के काम में तेज़ी आई है ।

रायपुर स्मार्ट सिटी , नगर निगम मुख्यालय व जोन के अधिकारियों को ज़िम्मेदारी देकर उनके पर्यवेक्षण में अंतर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य एजेंसियों को त्वरित गति से ज़रूरी रेस्टोरेशन और डामरीकरण का काम पूरा करने के लिए कहा गया है।नवंबर के पहले सप्ताह तक रेस्टोरेशन के साथ इन सड़कों का डामरीकरण पूर्ण हो जाएगा ।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के 24*7 जलापूर्ति , नगर निगम के अमृत मिशन व अंडरग्राउंड केबलिंग जैसे ज़रूरी प्रोजेक्ट के लिए पाइप लाइन बिछाने और खुदाई का काम किया गया था ।सी एस पी डी सी एल, लोकनिर्माण विभाग के साथ समन्वय कर ज़्यादातर मार्गों के रेस्टोरेशन का काम भी पूर्ण कर लिया गया है ।

शहर के मध्य भीड़ भरे क्षेत्र सदर बाज़ार में विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान में अंडर ग्राउंड केबलिंग का काम किया जा रहा है , यहाँ भी रेस्टोरेशन शुरू कर डामरीकरण की तैयारी स्मार्ट सिटी ने पूरी कर रखी है । इसी तरह मालवीय रोड,कालीबाड़ी से मंदिर चौक, बूढ़ा तालाब परिक्रमा पथ व ज़ोनल सड़कों का डामरीक़रण कार्य प्रगति पर है । लाखे नगर से जी ई रोड पर वंदना ऑटो तक डामरीकरण का काम भी रायपुर स्मार्ट सिटी ने शुरू कर दिया है ।

नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी के तकनीकी अधिकारियों की टीम द्वारा इस काम में विशेष दस्ते को ज़िम्मेदारी दी गई है , जो मुख्य मार्ग में सघन यातायात अवधि में दिन के अलावा रात्रि पालियों में भी काम कर रही है। आगामी नवंबर प्रथम सप्ताह तक रेस्टोरेशन व डामरीकरण के सभी ज़रूरी कार्य पूरे कर लिये जाएँगे ।

## एक नजर

### विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-75- राजनांदगांव में प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा विधिवत की गई

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव में प्राप्त सभी नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा पूर्ण रूप से विधिवत की गई। संवीक्षा में विभिन्न सारवान त्रुटियों या कमियों के कारण 6 नाम निर्देशन पत्र अस्वीकृत हुए हैं। समीक्षा के दौरान अभ्यर्थी, उनके प्रस्तावक और उनके इलेक्शन एजेंट उपस्थित थे। संवीक्षा की सम्पूर्ण कार्रवाई पारदर्शिता के साथ की गई है। सम्पूर्ण कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है। जिले में कुल 4 विधानसभाओं में से 3 जगह पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशी के आवेदन स्वीकृत हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत नाम निर्देशन फार्म में एक भी प्रस्तावक का हस्ताक्षर नहीं होने के कारण उनका आवेदन अस्वीकृत हुआ है।

### अंडर- 19 छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम क्वार्टर फायनल में, विकल्प तिवारी का शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित विनू मांकड़ ट्राफी (अंडर-19) में विकल्प तिवारी के शानदार प्रदर्शन के दम पर ही छत्तीसगढ की टीम (अंडर-19) पहली बार क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया है। छत्तीसगढ़ का क्वाटर फाइनल मैच 24 अक्टूबर को इंदौर में हरियाणा से है। इससे पहले पांडिचेरी में खेले गए लीग मैच जिसमें छत्तीसगढ़ का मुकाबला सौराष्ट्र, गोवा, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा से हुआ, जिसमें पांच मैच, राजस्थान को छोड़कर बाकि चार जीत दर्ज कर अंक तालिका में पहले स्थान पर बने रहने पर सीधे क्वार्टर कायनल में प्रवेश किया। लीग मैचों में विकल्प तिवारी ने बैटिंग करते हुए अरुणाचल प्रदेश के विरुद्ध 107 रन, अगले मैच में शानदार दूसरा शतक, गोवा के विरुद्ध (105) किया। गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अरुणाचल के चार विकेट प्राप्त किए। दो लीग मैच मे मेन ऑफ द मैच रहे। वर्ल्ड कप की अंदर 19 की टीम बन रही है, उसमें विकल्प तिवारी के चयन होने की संभावना है। विकल्प तिवारी के शानदार प्रदर्शन करने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन व सभी सम्मानित पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी।

### राजनांदगांव में वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** रक्षित आरक्षित केन्द्र राजनांदगांव में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की याद में शहीद दिवस परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगावं श्री मोहित गर्ग द्वारा इस वर्ष 2022-2023 में अपने कर्तव्य के दौरान शहीद हुए 188 अधिकारियों/पुलिसकर्मियों के नाम का वाचन किया गया जिसमें से छत्तीसगढ़ के 11 पुलिस जवानों ने राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर शहीद हुए हैं, शहीद परेड में शहीदों को सलामी दी गई साथ ही इन वीर शहीदों को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव, श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव, श्री प्रवीण कुमार कमांडेंट एस.एस.बी., श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर पुलिस अधीक्षक पी0टी0एस0 राजनांदगांव, श्री राहुल देव शर्मा अति0पुलिस अधी0राजनांदगांव, श्री मनोज कुमार टू आई सी आई.टी.बी.पी., श्रीमति सोनिया उके, सुश्री तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक अजाक/क्राईम राजनांदगांव, रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव श्री अरविंद साहू एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, तुमड़ीबोड़, रक्षित केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिकगण और शहीद परिवारों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### शनि मंदिर भखारा में जले आस्था के 101 जोत

**अंवरी 22 अक्टूबर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्वांर नवरात्रि में नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक7 में स्थापित शनि मंदिर में आस्था की 101 ज्योति प्रज्वलित की गई। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन पूरे विधि विधान से ज्योति कलश की स्थापना की गई। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पितांबर मिश्रा, बोहरीक साहू ,रिद्धि मिश्रा, सिद्धि मिश्रा, भावना मिश्रा, रितु मिश्रा ने दी। वही मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसमें रिद्धि मिश्रा को मां बमलेश्वरी का रूप देकर 9 दिन के लिए उसके भी पूजा अर्चना किया जाता है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर लगातार वाहनों की चेकिंग करने हेतु आदेश दिया गया था। जिस पर दिनांक 09.10.2023 से 19.10.2023 तक चारपहिया व दुपहिया वाहन कुल 1109 वाहनों के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही कर 327700/- रूपये समन शुल्क लिया गया। जिसमें थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 47 प्रकरण में 14400/- रूपये समन शुल्क एवं वाहन के नंबर प्लेट में पद नाम लिखे 03 प्रकरण, प्रेशर हार्न के 02 प्रकरणों पर की गई कार्यवाही, थाना ओपी चिखली पुलिस द्वारा 07 प्रकरण में 2100/-रूपये समन शुल्क जिसमें प्रेशर हार्न के 02 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 16 प्रकरण में 2400/- रूपये समन शुल्क जिसमें नंबर प्लेट कार्यवाही 08 प्रकरण, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 26 प्रकरण में 9100/- रूपये समन शुल्क, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 19 प्रकरण में 5700/- रूपये समन शुल्क, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 24 प्रकरण में 7200/-रूपये, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 13 प्रकरण में 3900/-रूपये समन शुल्क, थाना बागनदी पुलिस द्वारा 05 प्रकरण में 2000/-रूपये समन शुल्क, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 27 प्रकरण में 9200/-रूपये समन शुल्क लिया गया जिसमे प्रेशर हार्न के 03 प्रकरण, ओपी मोहारा पुलिस द्वारा 22 प्रकरण में 6600/-रूपये समन शुल्क, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 19 प्रकरण में 5700/-रूपये समन शुल्क लिया गया, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 05 प्रकरण में 1500/-रूपये समन शुल्क लिया गया, राजनांदगांव यातायात पुलिस द्वारा 879 प्रकरण में 257900/-रूपये समन शुल्क जिसमें नंबर प्लेट पर 236 प्रकरण, प्रेशर हार्न पर 38 प्रकरणों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई आगे भी चुनाव आदर्श आचार संहिता के पालन में कार्यवाही जारी रहेगी।



### नंबर प्लेट, प्रेशर हार्न, शराब सेवन, तीन सवारी, बिना कागजात वाहनों पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, निरीक्षक कौशलेश देवांगन एवं यातायात टीम द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को मद्देनजर रखते हुए शहर के मुख्य चौक-चौराहो में लगातार वाहन चेंकिंग की कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग कार्यवाही के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 91 वाहन चालकों विरूद्ध मो.व्ही.एक्ट की कार्यवाही कर 27500/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। जिसमें 19 वाहन चालको पर नंबर प्लेट में नंबर न लिखा होना या स्पष्ट नंबर न लिखा होना, 04 वाहनों में प्रेशर हार्न एवं 02 शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही किया गया है। इसके अलावा तीन सवारी, वाहनों का कागजात नही होना, बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर मो.व्ही.एक्ट तहत कार्यवाही किया गया।यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# खुज्जी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी का धुआंधार दौरा जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया राजनांदगांव खुज्जी22 अक्टूबर।** विधानसभा के गांव-गांव में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता भरोसे की कांग्रेस सरकार का नारा बुलंद कर रहे हैं। गली-मोहल्लों में कांग्रेस के झंडे लहरा रहे हैं। बुजुर्ग से लेकर युवा मतदाता तक कांग्रेस है तो भरोसा है... कका अभी जिंदा है.. के नारे लगा रहे हैं। खुज्जी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भोला राम साहू अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांवों में पहुंचकर लोगों से मेल-मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान स्थानीय लोग की भीड़ उनके साथ चल रही है। शनिवार को प्रत्याशी भोला राम साहू ने लगातार एक दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने छुरिया विकासखंड के ग्राम नवागांव, पिनकापार, लालूटोला, बापूटोला, बिसाहूटोला, बरछाटोला, कल्लूटोला, नागरकोरा, चिचोला, जनकपुर, महाराजपुर, रामपुर, शिकारीटोला, झितराटोला, मागधोकरा, रियाटोला और बनियाटोला में लोगों से मेल-मुलाकात की। अलग-अलग गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित हुई। जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशी का नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

कांग्रेस प्रत्याशी भोलाराम साहू ने हाट-बाजार में भी ग्रामीणों से चर्चा की। कहीं चौपाल में चुनावी चर्चा हुई तो कहीं पुराने किस्सों पर ठहाके लगे। नागरिकों के बीच मौजूद भोलाराम ने



कहा कि ङ्क हम दिल जोड़ने वाले लोग हैं। खुज्जी विस के लोगों के साथ मेरा दो दशकों से पुराना नाता है। हम मिलते हैं तो नेता-मतदाता वाली बात नहीं होती। एक दूसरे से जुड़ाव की बात होती है। नुक्कड़ सभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि - खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की तरक्की ही हम सबका मिलाजुला सपना है। पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने इसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी भी प्रदेश का उत्थान तब ही संभव है जब वहां के नागरिक आर्थिक रुप से मजबूत हों, समृद्ध हों, परंपरा और संस्कृति का विकास हो। कांग्रेस ने यही किया और आज सभी खुशहाल हैं। किसानों को न्याय योजनाओं को फायदा मिला। गोबर खरीदी योजना से भी आय बढ़ी है। पैसा सीधे लोगों के खाते में आ रहा है। तीज-त्यौहार मनाने के लिए अब लोगों को कर्ज नहीं लेना पड़ता सरकार उन्हें उनके मेहनत की कीमत देती है। कांग्रेस ने मेहनत का सम्मान ही नहीं किया बल्कि मेहनतकश छत्तीसगढ़िया को आगे भी बढ़ाया है। प्रत्याशी भोला राम साहू के साथ सेक्टर-बूथ के पदाधिकारी-कार्यकर्ता भी कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान का मोर्चा संभाले हुए हैं। ग्रामीण भी उनके साथ इस अभियान में जुड़ रहे हैं।

## गांजा तस्कर और सप्लायर से पुलिस ने गाँजा और बिक्री रक़म जब्त की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के मददेनजर मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के नेतृत्व में साईबर सेल और थाना लालबाग पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में दिनांक 20.10. 2023 के रेड कार्यवाही में उड़िसा और दुर्ग के तीन गांजा तस्कर जिबरधन, धनेश कुमार और धीरज कुमार को 5 किलोग्राम गांजा, मोटर सायकल और 1.5 लाख रूपये बिक्री रकम के साथ ट्रांसपोर्ट नगर चौक पेण्ड्री के पास फरार होने का मौका दिये बिना धेराबदी कर पकड़ा गया है। रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम, थाना लालबाग के सउनि राजू मेश्राम, आर0 भूपेन्द्र वर्मा, रवि वर्मा, सुनील बैरागी, राकेश ठावरे व साइबर सेल प्रभारी सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, सउनि संतोष सिंह, सउनि सुमन कर्ष, प्रधान आर0 अनित शुक्ला, आर0 मनोज खुंटे, मनीष वर्मा, अमित सोनी, परवेश वर्मा, की अहम भूमिका रही।



### बीते पांच साल में सांसद के प्रयास से डोंगरगांव क्षेत्र को कौन सी पांच सौगात मिली: विष्णु सोनी

**डोंगरगांव 22 अक्टूबर।** भाजपा के चुनाव कार्यालय उद्घाटन के मौके पर सांसद द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए जिला कांग्रेस के प्रवक्ता विष्णु सोनी ने कहा कि सांसद बीते पांच सालों से केवल थोथा चना जैसा बजते हुए केवल बातो का जमा खर्च कर रहे है। उनके खाते मे उपलब्धि शून्य है। उन्होंने कहा की केवल नकारात्मक राजनीति करने के बजाए सांसद यह बताना चाहिए कि बीते पांच साल मे उनके प्रयास से डोंगरगांव क्षेत्र को कौन सी पांच सौगात मिली है। उनके प्रयास से किन पांच किसानो की आय दोगुनी हुई। किन पांच युवाओं को नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि सांसद ने भारत माला प्रोजक्ट के तहत रायपुर से हैदराबाद तक एक्सप्रेस वें बनने का खूब प्रचार किया था। प्रशासन ने जिन गाँवो से प्रस्तावित एक्सप्रेस वें बनने वाली थी वहां की जमीन की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दिया था। वर्तमान मे एक्सप्रेस वें कहीं दिखाई नहीं दे रही है। वही जमीन की बिक्री पर रोक लगी होने के कारण किसान जरूरत होने के बाद भी अपनी जमीन को बेच नहीं पा रहे है। विधायक को किसानो की तबाही के लिए जिम्मेदार ठहराने वाले सांसद यह नहीं बता पा रहे कि शिवनाथ नदी मे किसानो कि जमीन बहने के बाद उन्होंने केंद्र सरकार से एनिकट के जीर्णोद्धार और किसानो की मदद के लिए कितनी राशि दिलाया।



### विद्यार्थियों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने का दिया संदेश

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मेला ग्राउंड डोंगरगढ़ में लोगों को मतदान के महत्व को बताकर जागरूक किया गया। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ दर्शन करने स्थानीय श्रद्धालुओं सहित देश-प्रदेश से श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटकों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए शत प्रतिशत मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मतदान के महत्व को बताया गया और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक मंच के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को समझाया गया और इसमें सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। मंच के माध्यम से संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब का दायित्व है कि देश में स्वच्छ एवं निष्पक्ष सरकार चुनने के लिए अपने मत का प्रयोग करें। जनसामन्य से आग्रह किया गया कि वे मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान अवश्य करें, जिससे लोकतंत्र मजबूत हो। मंच के माध्यम से 18 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।



# मतदान जागृति के दीपों से जगमगाया बूढ़ा सागर

- कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने शत प्रतिशत वोट के लिए दीप जलाकर बूढासागर में किया दीपदान
- 7 नवम्बर की भोर, चले मतदान केन्द्र की ओर... का संदेश दिया गया
- सबने लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने की ली शपथ



**राजनांदगांव 22 अक्टूबर ।** विधानसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन तथा निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत संस्कारधानी राजनांदगांव के मध्य में स्थित प्रसिद्ध बूढ़ा सागर तालाब पर देर शाम शत प्रतिशत मतदान करने दीप जलाया गया। बूढ़ा सागर में दीप जलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री अमित कुमार एवं सांई स्पोर्ट्स हास्टल के खिलाड़ी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बूढ़ा सागर में 100 प्रतिशत वोट की आकृति में दीप जलाकर दीपदान किया। 7 नवम्बर की भोर, चले मतदान केन्द्र की ओर... की आकृति बनाकर दीपक जलाया गया। 7 नवम्बर को मतदान अवश्य करें यह संदेश 200 से अधिक गुब्बारे छोड़कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सबने लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव श्री योगदास साहू, सहायक परियोजना समन्वयक श्री मनोज मरकाम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अजीज पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नेशनल साइंस टैलेंट सर्च में टॉप-2 में बनाई जगह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अज़ीज़ पब्लिक स्कुल के कक्षा 11वी के छात्र-छात्राएं उड़ीसा ङ्क बहरमपुर के नेशनल इंस्टीटयूड ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित किये गए साइंस टैलेंट सर्च ङ्क 2023 में टॉप -2 में जगह बनाने में क़ामयाब हुए।

नेशनल इंस्टीटयूड ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी की ओर से संचालित किये गये इस टैलेंट सर्च कॉम्पिटिशन का उद्देश्य एजुकेशन, एग्रीकल्चर, साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़े नए आईडियास को मंच देने था।





राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में देश के कई क्षेत्रों से 18 स्कूल्स के 500 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया था। इन्हीं प्रतिभागियों में से अज़ीज़ पब्लिक स्कुल की टीम विधा ने सभी राउंड्स को पार करते हुए 6 फाइनलिस्ट में जगह बनायीं और फाइनल राउंड में एग्रीकल्चर विषय में टॉप 2 की पोजीशन सुरक्षित की। टीम को इस उपलब्धि के लिए उन्हें स्मृति चिन्ह और 50,000 रु. का नगद पुरुस्कार मिला।

गौरतलब है कि देश की अग्रणी पोल्ट्री कंपनी आईबी ग्रुप कर्मचारियों के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए सुनहरे कल नाम के लर्निंग प्रोग्राम की शुरुआत की थी जिसमें इसी टीम ने नए आईडिया से जुड़े एक कॉम्पिटिशन में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

आईबी ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अंजुम अल्वी और पूर्व प्रोफ़ेसर व ट्रस्टी-अज़ीज़ मेमेरिअल ट्रस्ट डॉ रुबीना अल्वी ने उड़ीसा से लौटी पूरी टीम का स्वागत किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने ने कहा कि बच्चों के साथ मैं उनके टीचर्स और पैरेंट्स की भी सराहना करूँगी जिनके सहयोग से बच्चे इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाये। आईबी ग्रुप के एमडी श्री बहादुर अली, अज़ीज़ स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ एवं सभी डायरेक्टर्स ने छात्रों के इस प्रदर्शन पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### मां शीतला मंदिर में पूजा कर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे


**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्री गिरीश देवांगन जी 20 अक्टूबर शुक्रवार को सिद्धपीठ मां शीतला मंदिर सोनारपारा से पूजा अर्चना कर अपने चुनाव प्रचार प्रसार अभियान का आगाज करेंगे। कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन सुबह 09 बजे मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर चुनाव प्रचार की विधिवत शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात कांग्रेसजनों के साथ वार्ड क्रमांक 24, 25 व 38 जमातपारा, मानव मंदिर डेयरी से अंदर दिवानपारा, गांधी चौक, ब्राम्हण पारा, सोनारपारा, दिग्विजय कालेज दुर्गा मंदिर से मानव मंदिर चौक से कलारपारा होते हुए जयस्तंभ चौक में अपने पक्ष में सघन जनसंपर्क करते हुए वार्डवासियों से जनसमर्थन मांगेगे। इस दौरान शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, महापौर, पार्षद, एल्डरमैन, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, बूथ अध्यक्ष सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।



सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म टाइगर 3 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की तीसरी किस्त का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दर्शक एक बार फिर टाइगर और जोया को एक साथ देखने के लिए उत्सुक हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही बज बना हुआ है। इसी बीच टाइगर 3 के पहले गाने लेके प्रभु का नाम का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है। इस गाने को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह ने अपनी शानदार आवाज दी है।







# इंडियाज़ गॉट टैलेंट में अबूझमाड़ मलखंब ग्रुप ने गेस्ट विधु विनोद चोपड़ा को प्रभावित किया

इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो, इंडियाज़ गॉट टैलेंट फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा को उनकी सिनेमाई प्रतिभा के 45 शानदार वर्षों का जश्न मनाकर एक शानदार ट्रिब्यूट देगा। इतना ही नहीं, शो में शामिल होने वाले पिछले सीज़न के विजेता - दिव्यांश और मनुराज भी होंगे जो पिछले सीज़न में शो में अपने समय के कई यादगार पल साझा करेंगे। जजों- किरण खेर और बादशाह और मेहमानों का दिल जीतने के लिए तैयार, प्रतियोगी अपने प्रभावशाली एक्ट से सभी को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं।

अपनी चुस्ती और शक्ति के उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए जाना जाने वाला, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ मलखंब समूह एक बार फिर फिल्म 'संजू' के गाने 'कर हर मैदान फतेह' पर अपने जबर्दस्त एक्ट से सभी को आश्चर्यचकित कर देगा। उनके एक्ट से अभिभूत, विधु विनोद चोपड़ा ने खुलासा किया कि कैसे समूह ने उन्हें अपने बचपन के दिनों की याद दिलाई। उन्होंने कहा, जब मैं कश्मीर में था और शुरुआत में फिल्में बनाने के बारे में सोचा था, तो मेरे पिता ने मुझे डांटा था। इसलिए, जब मैं आपको देखता हूं, तो मुझे लगता है कि अगर आप में जुनून हो तो कोई भी वो सब हासिल कर सकता है जो वह चाहता है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं इंडियाज़ गॉट टैलेंट में आया! विधु विनोद चोपड़ा ने शो के सेट से जुड़ीं अपनी यादों के बारे में भी बात की। वो कहते हैं,37 साल पहले, इंडियाज़ गॉट टैलेंट के उसी फ्लोर पर प्रतिष्ठित फिल्म 'परिंदा' की शूटिंग हुई थी, जहां नाना पाटेकर ने माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर पर बंदूक चलाई थी। इसलिए, यह मेरे लिए बहुत भावनात्मक अनुभव है। विधु विनोद चोपड़ा की इतनी सकारात्मक टिप्पणियां सुनने के बाद, अबूझमाड़ मलखंब समूह के पारस ने गर्व से बताया कि समूह के मोनू और राकेश को मलखंब प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया है! शो के होस्ट अर्जुन बिजलानी ने अपने परिवार के सदस्यों को बुलाकर इस घोषणा को और अधिक खास बना दिया, जिससे सेट पर मौजूद सभी लोग भावुक हो गए! उनके धैर्य, जुनून और समर्पण की सराहना करते हुए, विधु विनोद चोपड़ा समूह को 'पासा पलट' टी-शर्ट भी उपहार में देंगे।

## लगेगा जोर का झटका!

इस सप्ताह, एण्डटीवी के 'दूसरी मां', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी में एक चैंकाने वाला मोड़ आयेगा। एण्डटीवी के 'दूसरी मां' की कहानी के बारे में बताते हुये, यशोदा ने कहा, ''अस्पताल में कृष्णा (आयुध भानुशाली) का ब्लड टाइप एक लड़के के ब्लड टाइप से मैच कर जाता है, जिसे फौरन बोन मैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत है। इसलिये कृष्णा यशोदा (नेहा जोशी) से एक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) पर साइन करने के लिये कहता है, लेकिन वह साफ मना कर देती है। हालांकि, कृष्णा उसे और मालती (अनीता प्रधान) को मनाने में कामयाब हो जाता है और वे दादाजी (सुनील दत्त) की बिगड़ती हालत को देखते हुये शुरूआती इनकार के बाद उसकी बात मान लेते हैं। मेडिकल टीम के लोग उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिये ऑपरेटिंग रूम में लेकर जाते हैं। इस बीच मालती अरविंद (मयंक मिश्रा) को कॉल करके बताती है कि कृष्णा के अपना बोन मैरो डोनेट करने से दादाजी के ऑपरेशन के लिये पैसों का इंतजाम हो गया है, जिसे सुनकर वह चैंक जाता है। सर्जरी



के दौरान अरविंद और कामिनी मन ही मन उम्मीद करते हैं कि कृष्णा का ऑपरेशन असफल हो जाये। रणधीर (दर्शन दवे) यशोदा को कॉल करके सुरेश का हालचाल पूछता है और वह उसे आश्वस्त करती है कि सुरेश की सर्जरी अच्छे से चल रही है और वह जल्द ही ठीक हो जायेगा। हालांकि, सुरेश का ऑपरेशन कर रहे डॉक्टर बताते हैं कि सर्जरी सफल हुई है, लेकिन कृष्णा की सर्जरी कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि कृष्णा की जिंदगी खतरे में है।''एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''कमिश्नर (किशोर भानुशाली) दशहरा के लिये पुलिस विभाग द्वारा आयोजित होने जा रहे रामलीला के आयोजन के बारे में हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को बताता है। कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) बताती है कि हप्पू के दिवंगत पिता खोदी चाहते थे कि उनका बेटा एक दिन रामलीला में श्री राम की भूमिका निभाए। इस इच्छा को पूरा करने का वादा करते हुए हप्पू अपनी माँ को आश्वस्त करता है कि वह श्रीराम की भूमिका निभाएगा। कुछ देर बाद राजेश (गीतांजलि मिश्रा) हप्पू के पास आती है और उसी दिन किसी हिल स्टेशन जाने की बात कहती है। हप्पू मान जाता है, जिससे कटोरी अम्मा की योजना बाधित होती है। तीखी बहस के बीच हप्पू अपनी माँ की इच्छा का सम्मान करने का फैसला करता है और भगवान राम की भूमिका निभाने जाता है। हालांकि, कमिश्नर इस भूमिका के लिये बेनी (विश्वनाथ चैटर्जी) को चुन लेता है। यह जानकार हप्पू बेनी से निवेदन करता है कि वह भूमिका उसे दे दे।

## एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च किया एक्सप्रेसवे

**मुंबई।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने वाला एक डिजिटल प्लेटफॉर्म, एक्सप्रेसवे लॉन्च किया, जो ग्राहकों को बैंक तक पहुँच बनाने का सबसे तेज़ तरीके का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। एक्सप्रेसवे सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें एक्सप्रेस पर्सनल लोन एक्सप्रेस बिजनेस लोन एक्सप्रेस कार लोन एक्सप्रेस होम लोन, काड्र्स पर एक्सप्रेस लोन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड, एक्सप्रेस सेविंग एकाउंट्स, सेवा . यात्राएं और बहुत कुछ शामिल हैं, जो ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन उत्पादों और सेवाओं को मौजूदा और नए दोनों ग्राहकों के लिए तेज निर्बाध कागज रहित और स्वयं करें ग्राहक यात्रा प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। त्योहारी सीजन के दौरान लॉन्च करने के कारण यह और भी रोमांचक है क्योंकि यह वित्त तक पहुंच में अधिक आसानी के साथ त्योहारी सीज़न की खरीदारी के लिये ग्राहकों को इसमें शामिल होने के लिये भी अनुमति देता है। जो एक श्री पराग राव, कंट्री हेड पेमेंट्स, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि, ÷एक्सप्रेसवे एचडीएफसी बैंक की ग्राहक केंद्रित नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की पेशकश करता है जो हमारे ग्राहकों को तेज कागज रहित और स्वयं-सेवा बैंकिंग के साथ सशक्त बनाता है।

## 2.1 मिलियन ग्राहकों को प्रदान कर रहा है 5-जी की शक्ति का आनंद

**इंदौर/जबलपुर/रायपुर।** भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की है कि उसने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपने नेटवर्क पर 2.1 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5जी ग्राहक प्राप्त कर लिए हैं। साथ ही कंपनी ने यह भी घोषणा की है कि लॉन्च के केवल 12 महीनों के भीतर ही अब राज्य के सभी जिलों में एयरटेल 5जी प्लस सेवा उपलब्ध है। एयरटेल की 5जी सेवा अब देश के सभी जिलों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में, एयरटेल ने व्यापक रूप से अपना नेटवर्क रोल आउट किया है, जिससे इसकी सेवाएं एमपी और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में उपलब्ध हैं। मंदिरों वाले राजसी शहर खजुराहो से लेकर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले तक, स्थापत्य रूप से समृद्ध ग्वालियर शहर से लेकर छत्तीसगढ़ के सुकमा के दूरस्थ गांव तक, एयरटेल अपने 5जी की रोलआउट प्रक्रिया को तेजी से बढ़ा रहा है। इसके अलावा, कंपनी उज्जैन में महाकाल लोक और प्रसिद्ध 56 दुकान को भी डिजिटल सुपरहाइवे पर ले आई है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए भारती एयरटेल के मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ सुजय चक्रवर्ती ने कहा, हम राज्य में हाई-स्पीड 5जी तकनीक की शुरुआत करने वाली पहली टेलीकॉम कंपनी थे और आज हमें अपने ग्राहकों के जीवन को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है।

## अनीता भाबी ऊर्फ विदिशा श्रीवास्तव नवरात्रि के जश्न में डूबीं

भारत में नवरात्रि एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे कई राज्यों में बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। इसमें भक्त नौ दिनों का व्रत रखते हैं, देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं और अपने प्रियजनों के साथ गरबा खेलने के लिये अपने शहरों के मशहूर डांडिया मैदानों पर पहुँच जाते हैं। इस साल 'भाबीजी घर पर हैं' की खूबसूरत अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) ने मुंबई की मशहूर गरबा नाइट में जाकर उत्सव का आनंद लिया और गरबा के रंग से सराबोर हो गईं। अपना रोमांच बताते हुए, विदिशा श्रीवास्तव, यानि अनीता भाबी ने कहा, ''नवरात्रि के मेरे परिवार और मेरे लिये बेहद खास मायने हैं। हम हर साल अटूट भक्ति के साथ बड़े ही आनंद से यह त्यौहार मनाते हैं, नौ दिनों के अलग-अलग रंगों की परंपरा का आस्था से पालन करते हैं और रोजाना देवी दुर्गा की प्रार्थना करते हैं। यह साल और भी ज्यादा खास है, क्योंकि मैं तीन महीने की अपनी बेटी आद्या के साथ माँ दुर्गा का त्यौहार मना रही हूँ। मैं उत्सुक होकर अपने व्यस्त शेड्यूल से ब्रेक लेने की उम्मीद कर रही थी और आखिरकार मुझे अपनी बेटी समेत अपने परिवार के साथ मुंबई की मशहूर गरबा नाइट में भाग लेने का मौका मिल गया, क्योंकि पिछली रात मुझे वहाँ मेहमान के तौर पर जाने के लिये खास न्यौता मिला था। गरबा नाइट में हमारा अनुभव बेहतरीन रहा, क्योंकि हम जाने-माने सिंगर्स की मधुर धुनों पर थिरके, हमारे आस-पास उत्साही लोगों की एक



बड़ी भीड़ थी और वह भी हमारी तरह थिरक रहे थे- हर किसी ने गरबा के लिये जो पारंपरिक परिधान पहने थे, उन्होंने उस शाम को देखने लायक बना दिया। मैं वाराणसी की हूँ और मुंबई की मशहूर गरबा नाइट में जाना बचपन से मेरा सपना था और मेरा अनुभव सारी उम्मीदों से बढ़कर रहा। शहर का माहौल इतना जीवंत था जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हमारा उत्साह बढ़ा रही भीड़ के साथ मंच पर परफॉर्म करना एक अनमोल अनुभव था। अपने दर्शकों से हमें जो स्नेह और प्यार मिला, वह दिल में उतर गया और मैं खुशी से भर गई।''

उन्होंने आगे कहा, ''पूरी नवरात्रि के दौरान मैंने हर रात के लिये तय रंग को अपनाया, जोकि इस त्यौहार का एक अलग पहलू है। मुझे पक्का यकीन है कि गरबा का मतलब सकारात्मकता और खुशियाँ फैलाने से है और वह यादगार रात मेरे यकीन को मजबूत करने वाली थी। नवरात्रि मेरे पसंदीदा त्यौहारों में से एक है, जिसे विशुद्ध भक्ति और असीम उत्साह के साथ मनाया जाता है।''

## टीवी कलाकारों ने अपने होमटाउन में दशहरा पर होने वाले उत्सवों के बारे में बताया!

दशहरा पर्व को दुर्गा पूजा या विजयादशमी के नाम से मनाया जाता है और इस त्यौहार का भारत के सभी राज्यों में विशेष महत्व है। इस खास मौके पर एण्डटीवी के एक्टर्स ने इसकी अहमियत और अपने-अपने होमटाउन में होने वाले उत्सवों के बारे में बताया। इन कलाकारों में शामिल हैं- 'भाबीजी घर पर हैं' के आसिफ शेख (विभूति), शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी), सानंद वर्मा (अनोखे लाल सक्सेना); 'हप्पू की उलटन पलटन' से योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह), आर्यन प्रजापति (ऋतिक), चारुल मलिक (रुसा) और 'दूसरी माँ' से नेहा जोशी (यशोदा) एवं आरजे मोहित (मनोज)। ''दिल्ली का दशहरा'' के बारे में बात करते हुए, एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका के लिये मशहूर आसिफ शेख ने कहा, ''दिल्ली में दशहरा का मुख्य आकर्षण निःसंदेह लाल किला की लव कुश रामलीला में प्रसिद्ध रामलीला की प्रस्तुति देखना है। कुछ साल पहले इस जश्न के दौरान मुझे अपने साथी कलाकार रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी) के साथ और पिछले साल अपनी ऑनस्क्रीन वाइफ अनीता, जिसकी भूमिका विदिशा श्रीवास्तव निभा रही हैं, के साथ दिल्ली में होने का सौभाग्य मिला था। त्यौहार और जश्न को अपने सामने देखना बेहद अलग अनुभव होता है और इस साल एक बार फिर उसका गवाह बनकर मुझे बहुत खुशी हुई। त्यौहार का जोश और जीवंतता और लोगों का इकट्ठा होना उसे एक यादगार और बेहतरीन अनुभव बना देता है। मेरा इससे कभी मन ही नहीं भरता है, इसलिये मैं हर साल यहां आता रहता हूँ। अगर आपने अब तक लाल किला में रामलीला का भव्य उत्सव नहीं देखा है, तो आप एक बेहद शानदार चीज से चूक रहे हैं और अगर संभव हो, तो आपको उसमें अपने दोस्तों और परिवार के साथ जाने की कोशिश करनी चाहिये। मैं गारंटी दे सकता हूँ कि आपको जीवनभर याद रहने वाला अनुभव मिलेगा! सभी को विजयादशमी की ढेर सारी शुभकामनाएं।'' उत्तर प्रदेश में दशहरा के त्यौहार का माहौल बताते हुए, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में रावण दहन का दशहरा के उत्सव में बड़ा महत्व होता है। राज्य में विभिन्न जगहों पर भगवान राम द्वारा रावण का पुतला जलाया जाता है और यह कार्य बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होता है। हमारे शहर में प्रमुख जगहों पर राम लीला की भव्य प्रस्तुतियाँ भी होती हैं। भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की भूमिका निभाने वाले कलाकार इस महाकाव्य को जीवंत बनाने के लिये ऑडियो-विजुअल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। और जब ये नायक रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद को प्रतीकात्मक रूप से पराजित करते हैं, तब दर्शक प्रसन्नता से भर जाते हैं।'' महाराष्ट्र में होने वाले उत्सव के बारे में बात करते हुए, एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में यशोदा की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने कहा, ''महाराष्ट्र में हमारे दशहरा उत्सव की शुरूआत अपने बड़ों का आशीर्वाद लेकर और आपटा की पत्तियाँ बांटकर होती है। आपटा की पत्तियाँ स्वर्ण का प्रतीक होती हैं और रीति के अनुसार उन्हें दोस्तों, परिवार तथा पड़ोसियों में बांटकर आनंदमय अवसरों के लिये शुभकामनाएं दी जाती हैं। हमारे घर पर मेहमानों का स्वागत करने के लिये मेरी माँ प्रवेशद्वार को तोरण से सजाती हैं। त्यौहार के पकवान, जैसे कि पूरन पोली, श्रीखण्ड पूरी और पूरी भाजी की हमारे परिवार के दशहरा उत्सव में खास जगह है। मैं सभी को खुशियों से भरपूर दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ।'' बिहार में होने वाले उत्सव के बारे में, एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अनोखे लाल सक्सेना की भूमिका निभा रहे सानंद वर्मा ने कहा, ''बिहार में दशहरा धार्मिक उत्साह, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और सामुदायिकता की मजबूत भावना का संगम है। बीते वर्षों में विकसित हुई अनोखी परंपराएं और रीति-रिवाज हमारे राज्य में त्यौहार को यादगार और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना देते हैं। बिहार में दशहरा का उत्सव अक्सर एक महीने से ज्यादा चलता है और तैयारियाँ काफी पहले से शुरू हो जाती हैं। पूरे महीने विभिन्न आयोजन, अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। बिहार की रामलीला प्रस्तुतियों को उनकी अनूठी शैली के लिये जाना जाता है। संवाद अक्सर स्थानीय भोजपुरी बोली में होते हैं, जिससे महाकाव्य की प्रस्तुति स्थानीय लोगों के लिये ज्यादा प्रासंगिक हो जाती है। भव्य सेट और परिधानों वाली यह रामलीलाएं बहुत विस्तृत और व्यापक हो सकती हैं।''मध्यप्रदेश के दशहरा उत्सव के बारे में बताते हुए, एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मैं इंदौर, मध्यप्रदेश की हूँ और दशहरा को लेकर हमेशा से मेरे दिल में एक खास जगह रही है। इस शुभ अवसर पर हमारा शहर एक दुल्हन की तरह सजता है और 'रावण मोक्ष दिवस' का उत्सव मनाता है। जब मैं छोटी थी, तब मेरे भाई-बहन और मैं विभिन्न मेलों में जाते थे, जहाँ रावण पर भगवान राम की विजय की कथाओं का मंचन होता था। खान-पान के बिना कोई भी भारतीय त्यौहार पूरा नहीं होता है और मध्यप्रदेश निश्चित रूप से जानता है कि उम्दा पकवान कैसे बनाए जाते हैं! पोहा-जलेबी, खस्ता कचैरी, घेवर और बेसन लड्डू इस खास दिन लगभग हर परिवार की टेबल पर होते हैं।'' गुजरात में होने वाले भव्य उत्सव के बारे में, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति ने कहा, ''गुजरात में दशहरा को नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। दिन की शुरूआत जलेबी फाफड़ा जैसे पकवानों पर टूट पड़ने से होती है, लेकिन मुख्य आकर्षण होता है लुभावना गरबा लोक नृत्य। इस त्यौहार का मूल उद्देश्य है लोगों को एकजुट करना और वे आकर्षक पारंपरिक परिधान पहनकर, हाथों में खूबसूरत डांडिया लिये नृत्य करते हैं। मेरी कामना है कि दशहरा का अलौकिक प्रकाश आपके लिये धन, सफलता और खुशियाँ लेकर आए।'' एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में मनोज का किरदार अदा कर रहे जयपुर के आरजे मोहित ने कहा, ''जयपुर में त्यौहार का उत्साह उसकी जीवंतता दिखाता है। हमारे शहर में रामलीला की कई प्रस्तुतियाँ होती हैं और मैंने कई बार उन्हें देखने का आनंद लिया है। ये आयोजन बुराई पर अच्छाई की शाश्वत जीत की मार्मिक याद दिलाते हैं, जिसका दशहरा एक प्रतीक है। जयपुर में किसी मेले में घूमे बिना दशहरा का उत्सव पूरा नहीं होता है। मेले वाले मैदानों के हर कोने पर आपको पारंपरिक मनोरंजन, जैसे कि फेरिस व्हील्स और मेरी-गो-राउंड्स और स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड तथा मिठाइयाँ मिलती हैं।'' चंडीगढ़ में दशहरे के त्यौहार वाले माहौल के बारे में, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में रुसा की भूमिका निभा रहीं चारुल मलिक ने कहा, ''चंडीगढ़ में दशहरा खुशियों और एकता के साथ मनाया जाता है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत की याद दिलाता है, जैसे कि भारत की विभिन्न जगहों के उत्सव होते हैं। राक्षसों के राजा रावण, उसके बेटे मेघनाद और भाई कुम्भकर्ण के पुतलों को जलाना इस समय का सबसे प्रमुख रिवाज होता है, जो कि पाप पर पुण्य की विजय का शक्तिशाली प्रतीक है। लोगों की प्रसन्नता और इस अवसर की याद में कई सांस्कृतिक आयोजन होते हैं, जिनमें नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियाँ होती हैं।




## दशहरा पर सोनी सब के कलाकारों के विचार

दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, खास तौर पर यह रावण पर भगवान राम की विजय का जश्न मनाने का समय है, और यह भारतीय समाज में सांस्कृतिक और नैतिक महत्व रखता है। सोनी सब शो के लोकप्रिय कलाकार सेट पर अपने अनुभव और बहुत कुछ बताते हुए, नवरात्रि पर अपनी आस्था को व्यक्त करते हैं।


सोनी सब के वंशज में, युविका महाजन की भूमिका निभाने वाली **अंजलि तत्रारी** ने कहा,मेरे लिए, हमेशा से दशहरा में रामलीला देखना खास रहा है। इससे मेरे बचपन की बहुत सारी यादें ताज़ा हो जाती हैं। यह एक ऐसा त्योहार है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसी तरह वंशज में मेरा किरदार युविका अपने पिता प्रेमराज के हत्यारे के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए एक लंबी और चुनौतीपूर्ण लड़ाई लड़ रही है। युविका की तरह, मैं भी, जो सही है उसके लिए लड़ने में विश्वास करती हूं। न्याय पाने के लिए, युविका का दृढ़ संकल्प उसे एक असाधारण किरदार बनाता है, और मुझे उम्मीद है कि वह हम सभी को विपरीत परिस्थितियों के सामने कभी भी हार न मानने के लिए प्रेरित करेगी। आइए उम्मीद करते हैं कि वह साथ मिलकर रावण से लड़ सके और सच्चाई को उजागर कर सके!



पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली **करुणा पांडे** ने कहादशहरा याद दिलाता है कि अंत में अच्छाई की हमेशा बुराई पर जीत होती है। यह मेरे दिल को उम्मीद और ताकत से भर देता है, बिल्कुल 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में मेरे किरदार पुष्पा की तरह। वह सभी बाधाओं से लड़ती है, सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन करती है, और एक स्वतंत्र महिला बनने की कोशिश करती है। पुष्पा की कहानी इस तथ्य का प्रमाण है कि चाहे यात्रा कितनी भी कठिन क्यों न हो, लेकिन सफलता हमेशा पाई जा सकती है। आइए हम दशहरा मनाते हुए याद रखें, कि हम अपने सपनों को कभी न छोड़ें और हमेशा अच्छाई की शक्ति पर भरोसा रखें।÷



वंशज में भानु प्रताप महाजन की भूमिका निभाने वाले **पुनीत इस्सर** ने कहा, दशहरा मेरे लिए बस एक त्योहार नहीं है बल्कि एक ऐसी चीज़ है जिससे मैं गहराई से जुड़ा हूं। राम लीला में रावण और वंशज में भानुप्रताप दोनों का किरदार निभाना एक मार्मिक अनुभव रहा है, जिसने मेरे मन को और भी समृद्ध बनाया है। इन विपरीत भूमिकाओं को निभाकर, मैंने सीखा है कि किसी किरदार की गहराई उनकी जटिलताओं को समझने में निहित है, चाहे वह बुराई हो या अच्छाई। इसने मानवता के विभिन्न पहलुओं को समझने के मूल्य और कला व जीवन दोनों में अखंडता के महत्व पर ज़ोर देते हुए, मेरी कलात्मक सीमा का विस्तार किया है और मुझे अधिक सहानुभूतिपूर्ण और सैद्धांतिक बना दिया है।



पुष्पा इम्पॉसिबल में जुगल सीतलवाड़ की भूमिका निभाने वाले अंशुल त्रिवेदी ने कहा, दशहरा सफलता और जीत का जश्न है, पुष्पा इम्पॉसिबल में बिल्कुल मेरी यात्रा की तरह ही। मेरा किरदार, जुगल, हमें याद दिलाता है कि सबसे गलत समझे जाने वाले व्यक्तियों में भी अच्छाई होती है। दशहरा देवताओं की पूजा करने और आशीर्वाद लेने का समय है। मंदिरों में जाकर और हर साल भगवान राम की दिव्य जीत का सम्मान करने के लिए धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने से, मैं अपनी आध्यात्मिकता और भक्ति से अधिक जुड़ा हुआ महसूस करता हूं।



ध्रुव तारा - समय सदी से परे में ध्रुव की भूमिका निभाने वाले **ईशान धवन** ने कहा,बचपन में, दशहरा के त्यौहार के दौरान जब मैं रावण के विशाल पुतलों को देखता था, तो यह मुझे हमेशा उत्साह से भर देता था। उसे जलाए जाने के दृश्य ने मुझे आशा दी कि जीत हमेशा मिलेगी, चाहे संघर्ष कितना भी कठिन क्यों न हो। दशहरा वास्तव में एक शुभ अवसर है, जो आतिशबाजी के रोमांचक शोर से और भी अधिक सार्थक हो जाता है। जैसे दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, ध्रुव तारा में मेरे किरदार ध्रुव ने भी बार-बार दिखाया है कि चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अच्छाई और दृढ़निश्चय की रोशनी सबसे अंधेरी ताकतों पर भी विजय पा सकती है।



## सोनी सब के शो वागले की दुनिया में अथर्व की वित्तीय योजना विफल हो गई

सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' वागले परिवार की आकर्षक कहानी बताते हुए, आम आदमी के दैनिक संघर्षों को दर्शाता है। हालिया एपिसोड्स में, वागले बंधु, राजेश (सुमीत राघवन) और मनोज (विपुल देशपांडे), दादर चॉल के निवासियों को भ्रष्ट राजनेताओं की योजना से बचाने के लिए साथ आते हैं और दादर पुनर्विकास परियोजना को सफलतापूर्वक सुरक्षित करते हैं। इस बीच, परिवार के वित्तीय संकट के कारण अथर्व (शीहान कपाही) को अपनी आय बढ़ाने के लिए एक योजना बनानी पड़ती है। आगामी एपिसोड्स में, अथर्व की सफल लगने वाली योजना एक विनाशकारी मोड़ लेती है। अथर्व के खाते में आश्चर्यजनक रूप से 20 लाख रुपये आने के बाद से, वह सातवें आसमान पर है, लेकिन यह खुशी कुछ ही समय के लिए है। इस स्थिति को अपने परिवार से छिपाए रखने के लिए बेताब, वह अनजाने में मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले में शामिल हो जाता है, जिसके कारण वागले के घर अप्रत्याशित रूप से पुलिस को आना पड़ता है। आगामी एपिसोड्स एक दिलचस्प उतार-चढ़ाव भरा सफर होने का वादा करते हैं क्योंकि पूरा वागले परिवार न केवल राजेश को गिरफ्तार होने से रोकने के लिए एकजुट होता है, बल्कि इस मामले के पीछे के असली अपराधी को उजागर करने में पुलिस का साथ भी देता है।राजेश वागले की भूमिका निभा रहे, सुमीत राघवन ने कहा, ÷वागले की दुनिया में, मौजूदा कहानी वास्तविक दुनिया की स्थितियों को दर्शाती है जहां युवा पीढ़ी, अच्छे इरादों से प्रेरित होकर, कभी-कभी ऐसे जोखिम उठाती है।



## एक नजर

### जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की हुई संविक्षा

**जगदलपुर 22 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 31 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा शनिवार 21 अक्टूबर को की गई, जिसमें 28 अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाया गया। नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 23 अक्टूबर 2023 तक है। 23 अक्टूबर 2023 को प्रतीक चिन्हों का आबंटन भी किया जाएगा। मतदान मंगलवार 7 नवम्बर 2023 को तथा मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को मंगलवार 5 दिसम्बर 2023 को पूर्ण कर लिया जाएगा।

### स्थैतिक निगरानी दलों को सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने के निर्देश

**जगदलपुर,22 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत बस्तर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बस्तर, जगदलपुर एवं चित्रकोट के लिए नियुक्त निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री प्रवीण रंजन ने छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्य की सीमा पर स्थित तारापुर चेक पोस्ट सहित जिले के कोड़ेनार,लोहण्डीगुड़ा, बडांजी एवं पल्ली चेक पोस्ट का जायजा लिया और स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यो की जानकारी ली। साथ ही वाहनों की जांच इत्यादि के लिए संधारित पंजी का निरीक्षण किया। वहीं चेक पोस्ट में 24 घण्टे निगरानी के लिए स्थापित सीसीटीवी का भी अवलोकन किया।उन्होंने इस दौरान स्थैतिक निगरानी दलों को सतर्कतापूर्वक कार्य सम्पादित किये जाने निर्देशित करते हुए सभी वाहनों की जांच करने सहित संदिग्ध नकदी तथा अन्य सामग्रियों के परिवहन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से सम्बन्धित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### मेडिकल इमरजेंसी रिस्पांस का दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर 22 अक्टूबर।** जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारी को निर्वाचन के लिए मतदान के दौरान मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स विषय पर प्रशिक्षण शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल कुम्हरावण्ड जगदलपुर में दिया गया। इस प्रशिक्षण में मेडिकल इमरजेंसी एंड एक्सेसिबिलिटी ट्रेनिंग कार्यक्रम राज्य के नोडल अधिकारी श्री पवन कुमार राठौर और मास्टर ट्रेनर डॉ. दीप्ति श्रीवास द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। निर्वाचन कार्यो के दौरान निर्वाचन कार्यो में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी का स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी श्री राठौर ने बताया कि मेडिकल इमरजेंसी हेतु राज्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा रायपुर में 4 अस्पताल एमएमआई, रामकृष्ण, बालाजी और श्रीनारायण अस्पताल, विशाखापटनम में अपोलो अस्पताल और हैदराबाद के केयर अस्पताल को चिन्हाकित किया गया है। निर्वाचन के दौरान मुख्य रूप से हार्ट अटैक, लकवा, मिर्गी और जीवजंतु का काटना को प्राथमिकता वाले बीमारियों के रूप में चिन्हाकित किया गया है। इन बीमारियों के लक्षण और बचाव के लिए डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई।

### मतदान दलों के मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**जगदलपुर 22 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम की घोषणा उपरांत निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये नव नियुक्त किए गए 492 मतदान अधिकारी एवं युवा मतदान केन्द्र के लिए नियुक्त किए गए 24 मतदान अधिकारियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारी एक, दो, तीन को डाक मतपत्र भी भरवाया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान केंद्रों में मतदान अधिकारियों के दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही ईव्हीएम मशीन संचालन की बारीकियों का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शर्मा, डाक मतपत्र प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज बंजारे उपस्थित थे।

# सेजस कोंटा के विद्यार्थियों ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**दक्षिण भारतीय पारम्परिक वेशभूषा में मतदाताओं को तिलक लगाकर हल्दी-चावल के साथ वोट पंडूम**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 22 अक्तूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान कर बेहतर लोकतंत्र के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुकमा जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री डी एन कश्यप के कुशल मार्गदर्शन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंटा पी श्रीनिवास राव, प्राचार्य बी एल औरसा, प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास के नेतृत्व मे आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय कोंटा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा दक्षिण भारतीय पारम्परिक वेशभूषा में पहनकर घर-घर दस्तक देकर कोंटा के ओड़िया पारा से लेकर नयापारा तक लगभग 3 किलोमीटर कि दूरी तय कर सैकड़ों मतदाताओं को 07 नवम्बर 2023 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन मे अधिक से अधिक संख्या मे भाग लेने हेतु तिलक लगाकर, हल्दी चांवल के साथ मतदान निमंत्रण पत्र वोट पंडूम का नेवता देकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

साथ ही वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं एवं दुकानदारों,सब्जी-बाजी विक्रेताओं, ठेले गुमटी वालों को भी, लोकतंत्र के निर्माण में सहभागिता निभाने, मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टॉफ ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।

इसके अलावा जिले में स्काउट एंड गाइड एवम विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा वोट पंडुम नेवता का वितरण कर, 7 नवंबर को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रहे है। कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो संदेश जारी कर शत प्रतिशत वोट करने की अपील जिले के मतदाताओं को जागरूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में आज जिले के मतदाताओं से ÷वोट पंडूम नेवता÷ के तहत वीडियो संदेश जारी कर कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस. ने मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

# क्रिकेट के रोमांचक मैच में लोगों से की गई वोट की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आज सुबह स्वीप क्रिकेट मैच का आयोजन यूथ वोटर्स बनाम सीनियर वोटर्स किया गया। उक्त रोमांचक मुकाबले में सीनियर वोटर्स के टीम ने जीत हासिल की। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रयुक्त होने वाले बैट, बॉल, ग्लव्स, स्टम्प आदि उपकरणों में मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टिकर का उपयोग किया गया। इस दौरान सभी उपस्थितजनों से आगामी 07 नवम्बर को मतदान अवश्य करने की अपील भी की गई। उल्लेखनीय है कि मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत् विगत 02 अगस्त से नये मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं संशोधित करने का कार्य किया गया। इसके अंतर्गत सूची में शामिल हुए नये मतदाताओं को अनिवार्य रूप से वोट करने की सतत् अपील की जा रही है।




# पुलिस स्मृति दिवस पर परिजनों ने ली अनिवार्य मतदान की शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उत्तर बस्तर कांकेर 22 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने जिले में सतत् अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सुबह एसपी कार्यालय परिसर में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न मोर्चों में शहीद हुए पुलिस के 90 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें सभी शहीद जवानों के परिजन उपस्थित थे। इस दौरान परिजनों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई, साथ ही ''बलिदानों का सम्मान करेंगे, हम अवश्य मतदान करेंगे'' का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला, एसपी श्री दिव्यांग पटेल सहित मौके पर मौजूद उच्चाधिकारियों ने भी मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए शहीद बलिदानों की शहादत को सच्चा सम्मान देने के लिए परिजनों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने आगामी 07 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट जरूर करने का भी अनुरोध उपस्थित जनों से किया।

# टीचर्स एसोसिएशन ने सप्तमी में श्रद्धालुओं को किया फल व शरबत वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले जिला के शिक्षकों ने नवरात्रि में सप्तमी के अवसर पर कारली में फल व पेय पदार्थ का वितरण किया प्रांतीय पदाधिकारी सूर्यकान्त सिन्हा, कमल रावत, प्रमोद भदौरिया ने बताया कि माँ दंतेश्वरी की पावन धरा में नवरात्रि के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ से श्रद्धालुओं का आना होता है प्रसाद के रूप में हम संगठन के माध्यम से जिला के शिक्षकों से सहयोग प्राप्त कर फल वितरण का आयोजन विगत पांच वर्षो से सामाजिक सरोकार के साथ करते आ रहे है जिला अध्यक्ष उदयशुक्ला नोहर साहू शैनी रविंद्र ने बताया कि हमारे शहर में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना किसी गर्व के विषय से कम नही शिक्षा कर्मियों का संघर्ष 20 वर्षो का रहा आज अपने संघर्ष से एक उचित जीवनशैली में जींवन व्यतीत है मन मे सहयोग की भावना जागृत हुई है शिक्षक सिर्फ मांगो को लेकर नही सामाजिक सरोकार के साथ भी आज आगे आये है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भावना भवानी कौशिक, माधुरी सिन्हा,भरत कुमार दुबे,आरती प्रसाद, रूपा नेताम, कविता वर्मा, शबनम भारती, नरेश ठाकुर,निर्मला, , दुर्गेश ध्रुव ,शांति कराटिया, डुमन लाल मरकाम, राकेश मंडावी, हेमलता साहू,भरतलाल सिन्हा ,खेमलाल सिन्हा , देवा राम कर्मा, संजीव साहू,भीमदेव सोनवानी, सुषमा दास,अनिता सिंह, कुमारी नागवंशी, संध्या सिंह,योगेश पटेल,मीरा साहू कोमल देव साहू,दुर्गेश नंदनी,जयश्री साहू,कामायनी ठाकुर,ओमप्रकाश कैवर्त,संगीता नेताम, डोमन लाल निषाद,यामिनी कोर्राम अनिल कुमार यादव देवा राम,सौरभ राठौर, रीता पांडेय, संतोष पांडेय, रूपेश मंडल, संजय कुमार कुंजाम,महेंद्र कुमार जगत,परमानन्द ठाकुर,महेन्द्र साहू,मोहम्मद हैदर,दिलबर राणा,उषा देवांगन जिला पदाधिकारियों ने कहा कि हम इस परंपरा को प्रति वर्ष निर्वहन करते रहेंगे इस अवसर पर चीरस लकरा, पोरस बिंझेकर, राजेन्द्र यादव, विरेश त्रिपाठी,अजय साहू,विजय कुमार साहू, परमानंद ध्रुव, नारायण आर्य, खोमेंद्र देवांगन, रमा कर्मा,आनंद साहू, डोमन लाल साहू,टी. विजयलक्ष्मी, कविता भोगामी, कोकिला ठाकुर, श्रीमती फुलेश शोरी,भरत दुबे संजीव साहू व अन्य शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम कोरीरास में पालकों और ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 22 अक्टूबर।** जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित भी किये जा रहे हैं। साथ ही मतदाताओं को मतदान की तिथि और समय के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इसी तरह जिले में शिक्षा विभाग द्वारा भी जिले की शालाओं के छात्र छात्राओं के पालकों को स्वीप के तहत मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं इस क्रम में ग्राम कोरीरास के माध्यमिक शाला में पालक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बाबूपारा में मतदाता जागरूकता, स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत पालक, एस एम सी के सदस्य और ग्रामीणजनों की बैठक का आयोजन कर ज्यादा से ज्यादा पालकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही व्ही व्ही पेट मशीन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। बैठक में मौजूद पालक समूह ने भी मतदान करने की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक जाना। इसके साथ हर एक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गयी। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आगामी दिनों में साइकिल रैली, मतदाता जागरूकता दौड़, खेलकूद प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है।

### व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी और एसएसटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिये निर्देश

**दंतेवाड़ा, 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा क्षेत्र 88 दंतेवाड़ा हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री रविराज खोगारे द्वारा जिले के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण कर एफएसटी और एसएसटी टीम के कार्यों की समीक्षा की गयी। व्यय प्रेक्षक श्री खोगारे ने जिले में स्थापित विभिन्न चेक पोस्ट के एसएसटी दल के कार्यों की जांच करते हुए चेक पोस्ट से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जांच के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने संबंधी हिदायत भी एफएसटी और एसएसटी टीम को दिय। व्यय प्रेक्षक श्री रविराज खोगारे ने आबकारी विभाग के अधिकारियों से वर्तमान चुनाव के परिप्रेक्ष्य में जांच तेज करने एवं नियम निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा।

**1 नवंबर को माईजी की डोली पहुंचेगी वापस अपने धाम**

# बस्तर दशहरा में शामिल होने आज निकलेगी माईजी की डोली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 22 अक्टूबर ।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की मावली परघाव रस्म में शामिल होने एवं दशहरा भ्रमण करने माई दन्तेश्वरी की डोली आज शाम दंतेवाड़ा से जगदलपुर के लिए निकाली जाएगी। दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात डोली को पारंपरिक तरीके से 30 अक्टूबर को जगदलपुर से विदाई दी जाएगी 01 नवंबर की शाम को डोली अपने धाम पहुंचेगी। टेम्पल कमेटी एवं मंदिर के पुजारियों ने माईजी की डोली के बिदाई हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

विधान के मुताबिक शारदीय नवरात्र के अष्टमी को प्रतिवर्ष दशहरा पर्व मनाने माईजी की डोली एवं छत्र जगदलपुर के लिए निकलती है। माईजी की डोली एवं छत्र को विधि विधान से पूजा अर्चना कर दशहरा में शामिल होने के लिए निकाला जाता है। उक्त अवसर पर मंदिर कमेटी के सभी सदस्यगण एवं मंदिर के प्रधान पुजारी द्वारा डोली को मंदिर द्वार से बाहर निकालते हैं । डोली को रंग बिरंगे पुष्पों से सजाया जाता है। तदोपरांत डोली एवं छत्र को पुलिस बल द्वारा सलामी दी जाती है। उसके उपरांत पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं मोहरी की गूंज व लोक नृत्य करते हुए भक्तगण पालकी को आंवराभाटा स्थित चबूतरे तक लाते हैं। जहां कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा डोली की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। पूजा अर्चना के बाद माईजी की डोली एवं छत्र को फूलों से सजे वाहन पर रखकर जगह जगह देवी स्थानों पर विश्राम कराते हुए जगदलपुर ले जाया जाता है। जगदलपुर पहुंचकर माईजी की डोल एवं छत्र बस्तर दशहरा के मावली परघाव एवं पपारंपरिक रस्मों में शामिल होती है। दशहरा उपरांत हफते भर बाद डोली को पारंपतिक तरीके से पूजा अर्चना कर वापस दंतेश्वरी मंदिर में लाकर रखा जाता है। इस बार दशहरा समापन पश्चात 30 अक्टूबर को माईजी की डोली जगदलपुर से निकलेगी 31 अक्टूबर की रात्रि में डोली दंतेवाड़ा के आंवराभाटा देवी स्थल पहुंचेगी जहां माई जी की डोली को रात्रि विश्राम करवाया जाएगा तदोपरांत 01 नवंबर की शाम को गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत करते हुए डोली को माईजी मंदिर में लाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी, तहसीलदार, मंदिर कमेटी के अन्य सदस्यगण एवं सैकड़ों की मात्रा में नगरवासी भी शामिल होते हैं। डोली की एक झलक पाने को भक्त आतुर रहते हैं।

## समाचार संक्षेप

### कोंटा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे मनीष कुंजाम



**सुकमा 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सीपीआई से जुड़े मनीष कुंजाम कोण्टा विधानसभा से अब निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे. सीपीआई की राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता खत्म होने व चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से कुंजाम को निर्दलीय लड़ना पड़ेगा. मनीष कुंजाम ने निर्दलीय चुनाव लड़े जाने पर कहा कि चुनाव चिन्ह से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जीत हमारी होगी. बता दें कि मनीष कुंजाम सुकमा में बड़ा नाम है. वहीं अंदरुनी इलाक़ों में सीपीआई का बड़ा जनाधार है. लेकिन सीपीआई के वक़्त रहते चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से पार्टी चिन्ह से वंचित मनीष कुंजाम को अब निर्दलीय चुनाव लड़ना होगा।

### रेत की अवैध कालाबाजारी जोरों पर



**सुकमा 24 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदर्श आचार संहिता के बीच रेत की अवैध कालाबाजारी जोरों पर बगैर ठेका दोरनापाल समेत आसपास के इलाकों में धड़ल्ले से चल रहा रेत का कारोबार बीते दिनों कुछ वाहनों को पकड़ने के बाद समझाइश देकर छोड़ा गया था बावजूद नहीं लगा रेत की अवैध कालाबाजारी पर लगाम 2000 से ?2500 ट्रैक्टर बेची जा रही रेत जिम्मेदार बेखबर नदी में रेत के ढेर लगाकर किए जा रहे रेत पर कब्जे पुल के प्रतिबंधित 100 मीटर के दायरे से भी जारी है रेत का अवैध उत्खनन रेत के अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग के द्वारा बनाए गए कड़े कानून रेत माफियाओं के आगे बौने साबित हो रहे।

### अष्टमी पर नवजात बच्चों को बेबी किट का वितरण



**रायपुर 22 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर चरामेति फाउंडेशन द्वारा खो खो पारा स्थित शासकीय अस्पताल में 30 से ज्यादा बच्चों को बेबी किट प्रदान की गई। इस अवसर पर नवजात बच्चों की मां दुर्गेश्वरी कश्यप, धरिया सारथी, भावना कुशवाहा, गीता यादव, भारती साहू सहित अस्पताल प्रभारी डॉ. रवि शुक्ला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चरामेति फाउंडेशन की इस पहल की सराहना भी की। राजेन्द्र ओझा ने बताया कि चरामेति फाउंडेशन द्वारा धार्मिक महत्व के ऐसे अवसरों को जन सहयोग से सेवा से भी जोड़ा जाता है। बेबी किट वितरण का यह कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, सत्यनारायण जी अग्रवाल, शंकरलाल जी अग्रवाल, निलेश जैन, सिल्की जैन, जी. पी. अखिलेश, प्रेम नारायण सोलंकी, जी. एस. ओक, वी. के. महालया, घनश्याम सराठे, डी. के. पात्रिकर, लालिमा साहू, संगीता मिश्रा, रौशन बहादुर सिंह, खोमन साहू, श्रद्धा सेंद्रे, हेमिन साहू आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

### चेंबर की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

रायपुर 22 अक्टूबर। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश के 12 लाख व्यापारियो को परिवार सहित कर्मचारियों एवं उनके परिवार के पात्र मतदाताओं से शत प्रतिशत शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील- पारवानी छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलचा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति की बैठक आज दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12:00 बजे जूम मीटिंग के माध्यम से आयोजित हुई।

एक नजर

## आबकारी विभाग ने 25 लीटर महुआ शराब जब्त की



**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में सहायक आयुक्त आबकारी श्री रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन पर अवैध शराब के विक्रय/परिवहन/धारण पर नियंत्रण हेतु कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत महुआ शराब की अवैध बिक्री के विरूद्ध धरमजयगढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्री संतोष कुमार नारंग ने आज कार्रवाई करते हुए एक प्रकरण में 25 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर गश्त के दौरान कपूर लाल चौहान, निवासी-बोजिया नावाडीह, थाना-छाल, जिला-रायगढ़ की रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डब्बे में 15 लीटर एवं 5-5 लीटर क्षमता वाली जरीकेन मे 10 लीटर कुल 25 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध छ.ग.आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिला की कार्यवाही की जा रही है। हमराह स्टाफ आबकारी मुख्य आरक्षक रामेश्वर राठिया, आरक्षक दिनेश्वर सिंग कवर, मोहन लाल चौहान, वाहन चालक मकबूल अली उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जिलेवासियों से की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** शत-प्रतिशत मतदान की अपील लिए एक हजार से अधिक स्कूली बच्चों ने आज शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला के माध्यम से 100 प्रतिशत वोट ऑन 17 नवम्बर अंकित किया गया था।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि आगामी 17 नवम्बर को जिले में मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को आग्रह किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करना आवश्यक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि मतदान हेतु अपने परिवारजनों के साथ ही अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। कलेक्टर श्री गोयल ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर कलेक्टर श्री गोयल ने 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के श्री कार्तिक बाबा, शारदा बेहरा को सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांग वर्ग से जस्सी फिलिप एवं अमादिनी तथा नवीन मतदाताओं में भारती साहू, सृष्टि प्रधान, ए-प्रियंका रेड्डी, विशाल पटेल को भी सम्मानित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाईंट बनाया गया था। जिसमें विद्यार्थियों के साथ कलेक्टर श्री गोयल ने भी सेल्फी ली। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल, मास्टर ट्रेनर श्री विकास सिन्हा, श्री शिवाकांत ईजारदार, श्री मिनेष पटेल, श्री बी.के.डनसेना, श्री चंद्रमणी गुप्ता, श्री जितेश्वर प्रधान सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## भखारा काली माता के मंदिर में जली 8 मनोकामना ज्योति




**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 8-9 में स्थापित काली माता देवी के प्रतिमा में 8 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। जिसके पुजारी नारद साहू एवं गोपाल दास वैष्णव है।

## शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 20 हजार से अधिक पोस्टर-बैनर

**कांकेर 22 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है।

निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे।

# जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 11 अभ्यर्थियों ने लिये नामांकन पत्र



रायगढ़, 22 अक्टूबर। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया आज 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन के पहले दिन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ के लिए 4 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए गए। जिनमें श्री नारायण दास-निर्दलीय, श्रीमती गोपिका गुप्ता-निर्दलीय, श्री नजीर अहमद-समाज वादी पार्टी, पुष्पलता टंडन-बहुजन समाज पार्टी शामिल है। विधानसभा 15-लैलूंगा के लिए 2 नाम निर्देशन पत्र लिए गए है। जिनमें श्री अजय कुमार पंकज-हमर राज पार्टी, श्री रघुवीर राठिया-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शामिल है। विधानसभा 18 खरसिया के लिए 5 नाम निर्देशन पत्र लिए गए है। जिनमें श्री उमेश पटेल-कांग्रेस, श्रीमती पूर्णिमा जायसवाल-आम आदमी पार्टी, श्री विजय जायसवाल-आम आदमी पार्टी, श्री भवानी सिंह सिदार-हमर राज पार्टी, श्री भूरे सिंह राठिया-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी शामिल है। वहीं विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ विधानसभा के लिए पहले दिन किसी अभ्यर्थी के द्वारा फार्म नहीं लिया गया है। वहीं रायगढ़ विधानसभा के लिए आज एक निर्दलीय प्रत्याशी श्री नारायण दास के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।

### विधान सभावार इन कक्षों में लिये जायेंगे नामांकन पत्र

विधान सभावार नामांकन पत्र लेने के कलेक्ट्रेट कार्यालय, रायगढ़ में अलग-अलग कक्ष निर्धारित किए गए है। प्रत्येक विधानसभा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए है। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा के नामांकन पत्र न्यायालय नजूल अधिकारी रायगढ़ कक्ष क्रमांक 14 में लिये जा रहे है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के नामांकन पत्र न्यायालय कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 2, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया के नामांकन पत्र न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 30 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19 धरमजयगढ़ के नामांकन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 16 में लिये जा रहे है। इनमें विधानसभा क्षेत्र-15 लैलूंगा के लिए एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार तमनार श्रीमती रिचा सिंह सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा 16-रायगढ़ के लिए रिटर्निंग आफिसर एसडीएम रायगढ़ श्री गगन शर्मा एवं तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 18-खरसिया के लिए एसडीएम खरसिया श्री रोहित सिंह को रिटर्निंग आफिसर एवं तहसीलदार श्री शिव कुमार डनसेना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ के लिए एसडीएम धरमजयगढ़ श्री डिगेश पटेल को रिटर्निंग आफिसर एवं तहसीलदार घरघोड़ा श्रीमती तुलसी राठौर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले के सभी विधानसभाओं में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अवधि 21 से 30 अक्टूबर 2023 तक होगी, नाम निर्देशन प्राप्ति की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 है। नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 31 अक्टूबर 2023 को जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 2 नवम्बर 2023 है।

## व्यय प्रेक्षक ने रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग एवं निर्वाचन के लिए गठित निगरानी टीम की बैठक ली

महासमुंद 22 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 सरायपाली व बसना-40 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री योगेश कुमार शर्मा एवं महासमुंद-42 एवं खल्लारी-41 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री निलेश राउतकर ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में नर्वाचन से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक व पुलिस अधीक्षक श्री धमेन्द्र सिंह मौजूद थे।व्यय प्रेक्षक श्री शर्मा एवं श्री राउतकर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यय से संबंधित सभी टीम नियमानुसार निष्पक्षता एवं सजगता पूर्वक कार्य करें। उन्होंने राज्य एवं जिले की सीमा से लगे सभी चेक पोस्टों पर चौबीस घंटे वाहनों की जांच करने और अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं की जब्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेक पोस्टों पर निगरानी दल द्वारा की जाने वाली सभी गतिविधियों की वीडियोग्राफी-रिकॉर्डिंग आदि करने के निर्देश दिए। ताकि लेखा टीम को गणना करने में दिक्कत नहीं हो। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों का अनिवार्य रूप से बैंक एकाउंट खुलवाने कहा जिससे ऑनलाइन पेमेंट का हिसाब मिल सके।

# जय माता मरई महार समाज जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को प्रदेश कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी दी



**बीजापुर,22 अक्टूबर।** सुरेश चंद्राकर ने अपने निवास पर प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को जानकारी दी की वे पिछले 15 सालों जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष एवं महामंत्री के पद में रहकर पार्टी के लिए निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर चुकें है। सुरेश वर्तमान में जय माता मरई महार समाज के जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए है। समाज के साथ - साथ अन्य समाजों में सुरेश की अच्छी खासी पकड़ है।

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जय माता मरई महार समाज जिला इकाई के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की संगठन एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। सुरेश चंद्राकर को नए जिम्मेदारी मिलने से काफ़ी खुश है। छग में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है ऐसे समय में सुरेश को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। सुरेश ने कहा की मुझ पर भरोसा कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुझे ये जिम्मेदारी दी है। इस जिम्मेदारी को मैं अच्छे से निर्वहन करने की पूरी कोशिश करूंगा और इसके लिए मैं अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल, कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और विधायक विक्रम मंडावी का आभार प्रकट करता हूं।


# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों की दी गई श्रध्दांजलि



रायगढ़, 22 अक्टूबर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल आज उर्दना पुलिस लाईन के शहीद स्मृति गार्डन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस में शामिल हुए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एसपी श्री आशुतोष सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने शहीद हुए पुलिस बलों के जवानों के नामों का वाचन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस जवानों द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। इस मौके पर शहीद के परिजनों को कलेक्टर एवं एसएसपी ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर को हर साल पूरे भारत के पुलिस के लिए पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।

21 अक्टूबर का दिन उन दस पुलिस वालों को समर्पित है जो 1959 में भारत चीन की सीमा पर देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। इस दिन पुलिस में सेवा करने के दौरान शहीद होने वाले पुलिस कर्मियों को याद किया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। इस अवसर पर डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, सीएसपी श्री संजय महादेवा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वैष्णो देवी मंदिर भखारा भठेली में 18 मनोकामना ज्योत जले



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 14 में स्थित माँ वैष्णो देवी के मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्री का पर्व धूम-धाम से मनाया जा रहा है साथ मंदिर में 18 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्व्लित किया गया है 7 वैष्णो मंदिर पुजारी गोपाल दास वैष्णो, धर्मेंद्र दास वैष्णव ने बताया कि जो भी श्रद्धालु अपने मनोकामना से ज्योति कलश प्रज्वलित करते और माँ की भक्ति सच्चे मन से करते है उसके मनोकामना को माता वैष्णो पूर्ण करती है।

# तरुण सिंह ठाकुर एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी श्री कार्तिकेया गोयल ने 19 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी कर तरूण सिंह ठाकुर आ.शोभनाथ सिंह ठाकुर, निवासी-गंज पीछे खरसिया, थाना-खरसिया, जिला-रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा तरूण सिंह ठाकुर को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। तरूण सिंह ठाकुर को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभियोजन साथियों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर यह पाया गया कि तरूण सिंह ठाकुर पर 8 मार्च 2014 से 15 नवम्बर 2016 तक थाना खरसिया, जिला-रायगढ़ में 8 अपराध पंजीबद्ध हुए है। तरूण सिंह ठाकुर मारपीट, लूट, बलवा, धरना, प्रदर्शन, चक्का जाम जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके आपराधिक गतिविधियों से आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है। खरसिया पुलिस द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध सामान्य कानून के तहत कई कार्यवाही की गई किन्तु उसके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ है। इसलिए खरसिया पुलिस द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की गई जिसमें उसके विरूद्ध ईश्तगासा क्रमांक 12/16 धारा 110 जा.फौ.के तहत अनुविभागीय दण्डाधिकारी, खरसिया के न्यायालय में पेश किया गया, इसके उपरांत भी उसकी आपराधिक गतिविधियों और उसके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। जबकि तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध पूर्व में 15.5.2014 को जिला बदर की कार्यवाही की गई थी, उक्त जिला बदर की कार्यवाही में अवधि पूर्ण होने के पश्चात तरूण सिंह ठाकुर पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया।

इसलिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत यह प्रकरण पुनः प्रस्तुत किया गया है।जिसके पश्चात जिला दण्डाधिकारी व कलेक्टर श्री गोयल ने आदेश पारित किया कि अनावेदक लगातार अपराधिक कृत्य में संलग्न होकर अपराधिकृत प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिससे कानून व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः राज्य सुरक्षा अधिनियम के उक्त प्रावधान के तहत उसे जिले से निष्कासित किए जाने का पर्याप्त कारण है। अतः राज्य की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए तरूण सिंह ठाकुर को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत रायगढ़ जिले तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया जाता है। तरूण सिंह ठाकुर को आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर उक्त जिलों के क्षेत्र व सीमा से बाहर जाना होगा।

## जिला स्तरीय कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित

**महासमुंद 22 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एस. आलोक की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 मे स्वीप गतिविधियों के क्रियान्वयन व प्रचार-प्रसार हेतु उच्च शैक्षणिक संस्थानों के कैंपस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारियों (स्वीप) का जिला स्तरीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में विकासखण्ड महासमुन्द के सभी कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुन्द में तथा अन्य विकासखण्ड के कैम्पस एम्बेसेडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) अपने विकासखण्ड में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष स्वान जनपद पंचायत परिसर में उपस्थित रह कर भाग लिये।प्रशिक्षण में श्री रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप समिति महासमुंद ने ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वीप कार्ययोजना का परिचय, उद्देश्य एवं उपलब्धि, कैम्पस एम्बेसडर के कार्य एवं दायित्व मतदान केन्द्रां पर सुनिश्चित की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के संबंध में व्याख्यान - दिव्यांग मतदाताओं के विशेष संदर्भ में, सुगम मतदान, प्रारूप 06, 07 एवं 08 को ऑनलाइन/ऑफलाइन भरने की विधि, वोटर हेल्पलाइन, मोबाइल एप वोटर सर्विस पोर्टल, वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर स्वयंसेवकों की नियुक्ति, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, ईवीएम वीवी पैट मशीन का प्रदर्शन, निर्वाचन साक्षरता क्लब, आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी प्रदान किया।इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना, श्री अजय राजा सहायक प्राध्यापक, श्री अविनाश छिंदेह प्रशिक्षण अधिकारी, श्री देवव्रत साहू सोशल मीडिया टीम, डॉ. सरस्वती वर्मा सहायक प्राध्यापकचुम्मन अंजना बैरवा, प्रवीण साहू उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**बीजापुर, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 21 अक्टूबर 2023 को पुलिस स्मृति दिवस पर (1 सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 तक) सम्पूर्ण भारत मे सशस्त्र एवं अर्द्धसैनिक बल के जवान जिन्होने आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था में अपने प्राण न्यौछावर किये उन शहीद जवानों को रक्षित केंद्र बीजापुर के शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजली दी गई । उक्त अवधि में कुल 188 जवानों ने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किये, छत्तीसगढ से कुल 19 जवान शहीद हुये, जिला बीजापुर से 02 सहायक आरक्षक शहीद हुये । पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा शहीद जवानों की नामावाली का वाचन किया गया, उपरान्त नामावली शहीद स्मारक मे अर्पित की गई। शहीदों की याद में शहीदों को सलामी देकर 02 मिनट का मौन धारण किया गया । इसके उपरान्त समस्त अधिकारी/ कर्मचारी, गणमान्य नागरिकों एवं शहीद परिवार द्वारा शहीद स्मारक पर रिथ एवं पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजली दी गई । श्रद्धांजली उपरान्त कलेक्टर बीजापुर श्री राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय , वन मण्डालाधिकारी श्री रंगनाथा रामकृष्णा वाय, उप निदेशक, इन्द्रावती टायगर रिजर्व श्री संदीप बलगा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री वैभव बैंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना शहीद परिवार से रूबरू हो उन्हें सम्मान स्वरूप श्रीफल एवं साल भेंट किये । शहीद परिवार को उनके स्वत्वों के भुगतान के सबंध में जानकारी लिये एवं विश्वास दिलाये की किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझे अपनी समस्याओं से अवगत करावे, आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु यथासंभव हर प्रयास किया जायेगा । शहीद परिजनों के बच्चों को छात्रवृति हेतु शासन के योजनाओं के लाभ हेतु सबंधित लिपिक को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र शिक्षा विभाग को भरकर दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।जिला बीजापुर अन्तर्गत निवासरत शहीद जवान जिन स्कूल में अपनी शिक्षा ग्रहण किये है उन स्कूलों में शहीद को श्रद्धांजली गई ।

## नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा

**बीजापुर, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रिटर्निंग आफिसर श्री पवन कुमार प्रेमी ने बताया विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा क्रमांक 89 बीजापुर हेतु 11 अभ्यर्थियों के 16 नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा सामान्य प्रेक्षक श्री बी जॉन त्लांग्टिनखुमा (द्धस) की उपस्थिति मे की गई जिसके अंतर्गत 10 अभ्यर्थी विधि मान्य पाए गए वहीं 1 अभ्यर्थी आम आदमी पार्टी का विधि मान्य नहीं पाया गया। क्योकि उनके द्वारा पार्टी के संबंध में सम्बद्यता फार्म, और क्क नहीं पाया गया। विधि मान्य पाए गए अभ्यर्थियों में अजय कुड़ियम (बहुजन समाज पार्टी), महेश गागड़ा (भारतीय जनता पार्टी), रामधर जुर्री जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), विक्रम मंडावी (इण्डियन नेशनल कांग्रेस), अशोक तलाण्डी (हमर राज पार्टी), लक्ष्मी नारायण पोरतेक (कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया), अर्जुन गोटे (निर्दलीय), ज्योति ध्रुवा (निर्दलीय), नरेन्द्र बुरका (निर्दलीय), लक्ष्मी नारायण गोटा (निर्दलीय)।मतदान दिवस और मतदान दिवस के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

## मतदाताओं को भ्रमित करने वाले विज्ञापनों पर लगेगी रोक

**बीजापुर, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिवस पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग से इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन हेतु पहले चरण के मतदान दिवस के एक दिन पूर्व तथा मतदान दिवस को (अर्थात 6 और 7 नवम्बर 2023 को) एवं दूसरे चरण के मतदान दिवस के एक दिन पूर्व तथा मतदान दिवस को (अर्थात 16 एवं 17 नवंबर 2023 को) प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यस्तरीय तथा जिलास्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

## सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक ने बीजापुर के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**बीजापुर, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



सामान्य प्रेक्षक श्री बी जॉन त्लांग्टिनखुमा पुलिस प्रेक्षक श्री रतिरंजन देबनाथ एवं व्यय प्रेक्षक मनेन्दर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर के लिए सांस्कृतिक भवन बीजापुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था सहित पेयजल तथा अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सारी व्यवस्था को दुरूस्त करने को कहा। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा एवं मतगणना में शामिल होने वालों के लिए शौचालय, पेयजल एवं अन्य सुविधा सुनिश्चित करने, मतदान पेटी की सुरक्षा, बैरिकेटिंग, पुलिस बल एवं निगरानी की पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा का प्रबंधन करने के निर्देश दिए वहीं प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन की जानकारी एवं वहां रखे हुए वीवीपीएटी, बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, सीसीटीवी एवं सुरक्षाकर्मियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने स्ट्रांग रूम की आवश्यक तैयारी एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल उपस्थित थे।

## एक नजर

### तिल्दा में दशहरा उत्सव 24 को

**तिल्दा नेवरा, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति के तत्वाधान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दशहरा उत्सव के अंतर्गत रामलीला मंचन, रावण दहन एवं भव्य एवं आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने अपील कर निवेदन कि या है नागरिकों से सपरिवार पहुंचकर रावण दहन एवं भव्य आतिशबाजी का आनंद अवश्य उठाने 24 अक्टूबर मंगलवार स्थान हाई स्कूल मैदान नेवरा इस दौरान राम लीला शाम 5 बजे से शुरू होगी और रावण दहन 6. 30 बजे होगा। श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन समिति ने उक्त जानकारी दी है।

### आईआरएएस संतोष कुमार गुप्ता प्रेक्षक नियुक्त

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आईआरएएस अधिकारी संतोष गुप्ता को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए बलौदा बाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक गुप्ता के लाईजनिंग हेतु जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे की ड्यूटी लगाई गई है। उनके पहुंचने पर स्थानीय विश्राम गृह में कलेक्टर चंदन कुमार ने उनका अनौपचारिक स्वागत किया साथ ही उनको चुनाव संबधित तैयारियों के संबध में जानकारी प्रदान की।

### 2 सटोरियों को लवन पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 20/10/23 को ग्राम जुड़ा में आरोपी छोटू उर्फ राजेंद्र बंजारे एवं भुवनेश्वर प्रसाद बघेल द्वारा अपने घर पास अंकों के माध्यम से सट्टा नामक जुआ खिलाने के मुखबीर सूचना पर सायबर सेल टीम के साथ दबिश दिया गया एवं रेड कार्यवाही कर पहले मामले के आरोपी छोटू उर्फराजेंद्र बंजारे के कब्जे से नगदी 1220/-, सट्टा पट्टी, डाट पेन एवं दूसरे मामले के आरोपी भुवनेश्वर प्रसाद बघेल से नगदी 1690 रुपए एवं सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 4क जुआ एक्ट, धारा 6 छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर आज दिनांक 21/10/23 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. भारत भूषण पठारी एवं सायबर सेल टीम का विशेष योगदान रहा।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक और कार को मारी टक्कर, एक की मौत

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** राजधानी से लगे अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसुलीडीह से एक भीषण सड़क हादसा की खबर सामने आई है। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में लेते हुए कार को टक्कर मार दिया। जिसके बाद अनियंत्रित ट्रक एक घर में जा घुसा। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव और घायलों को अस्पताल पंहुचा दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है। बता दें कि घटना शनिवार की रात 8 बजे की है। ग्राम परसूलीडीह में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएन 6233 के चालक वीरेंद्र साहू 43 वर्ष निवासी ग्राम बिहार ने बाइक .क्रमांक सीजी 07 एएफ 7852 में सवार कमल राजपूत 36 वर्ष निवासी नयापारा को ठोर्क मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद ट्रक ने रोड में खड़े कार क्रमांक सीजी 08 एस 7982 को ठोकर मार दिया और कमल कुमार चेलक के घर की दिवार में घुस गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर को भी चोटे आई है। वही हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक चालक से मारपीट भी की। जिसे गंभीर हालत में सीएचसी अभनपुर छोड़ा गया। जहाँ उसका इलाज जारी है।

मंडी प्रशासन अवैध अतिक्रमण हटाने में असमर्थ होने पर पहुंचा था कोर्ट की शरण में

# न्यायालय का फैसला मंडी के पक्ष में आने के 6 माह बाद भी नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

## मंडी के अपर संचालक बोले- आदेश के 6 महीने बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर जारी होगा नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 अक्टूबर।** माँ अन्नपूर्णा देवी का निवास कहे जाने वाले कृषि उप मंडी लगभग 20 एकड़ के क्षेत्र में फैला है (जिसमें बाग पास रोड, मंडी के सामने का रोड, बस स्टैंड के एरिया को मिलाकर) तीनो का 25त्न हिस्सा भी आता है इस क्षेत्र क अधिकांश हिस्सों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु पूर्व मे मंडी प्रशासन द्वारा अनेक प्रकरण दर्ज भी किये गये थे परंतु अंत मे मंडी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु उच्च न्यायालय के शरण मे पहुंचा जहाँ पर एक लम्बी प्रक्रिया के बाद मा. न्यायालय से मंडी प्रशासन के पक्ष में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु फैसला दिया गौरतलब है कि मंडी प्रशासन द्वारा कृषि उपज मंडी समिति के द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने हेतु अनेक प्रयास किये गये, परंतु अनेक प्रकार स्वार्थपरता के राजनीति के कारण उक्त मसले को सही मुकाम नही मिल पाया जिसके कारण हाई कोर्ट का सहारा लेना पड़ा।

### न्यायालय के आदेश की हो रही अवहेलना

गौरतलब है कि हाई कोर्ट ने जनवरी 2023 को मंडी परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाये जाने के आदेश दिये थे परंतु मंडी प्रशासन कोर्ट के आदेश को 6 माह गुजर जाने के बाद भी मंडी परिक्षेत्र का अवैध अतिक्रमण हटा पाने मे असफल हैं जिसके कारण साफतौर पर उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना कहा जा सकता है और पूछा जा सकता है की मंडी प्रशासन के पास ऐसा क्या मजबूरी है जिसे कोर्ट के आदेश होने के बावजूद अभी तक एक इंच जगह का अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर मंडी प्रशासन का हाथ पैर फुल रहा है।

### सभी वर्गों ने मिलकर किया है का अतिक्रमण

गौरतलब है कि मंडी परिक्षेत्र मे अतिक्रमण करने वाले कमजोर सामान्य, प्रभावशाली, व रसूखदार वर्ग के लोग शामिल है परंतु किसी का भी जगहा खाली नही करा पाया तात्कालिक समय मे कोर्ट के आदेश आने पर मंडी सचिव शत्रुहन वर्मा ने कहा था की मंडी परिक्षेत्र की जमीन को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु एसडीएम कार्यालय मे सीमांकन व परिसीमन हेतु आवेदन दर्ज कराया है जिसके पश्चात मंडी प्रशासन सभी प्रशासनिक अमला के सहयोग से कार्यवाही करेगी जो आज पर्यंत तक नही हो पाया। राजनीतिक रसूखदार गरीब एवं सामान्य वर्ग के लोग भी शामिल है।

**अवैध अतिक्रमणों के कारण मंडी परिक्षेत्र पड़ता है छोटा:** गौरतलब है कि प्रदेश स्तर का एक बडा मंडी होने के कारण कई जिलों व अन्य प्रदेशों से किसान अपने कृषि उपज विक्रय हेतु आते है जिसके कारण भारी आवागमन होने के कारण सीजन के दिनों मे जगह छोटा पड जाता है अगर न्यायालय के आदेश के बाद से अवैध अतिक्रमण हटा लिया जाता है तो किसानों व व्यपारियो को होने वाली अनेक परेशानिये से राहत मिल जायेगी।

> न्यायालय के आदेश के 6 माह गुजर जाने के बाद भी मंडी परिक्षेत्र अवैध अतिक्रमण नही हटाये जाने को लेकर जानकारी ली।
>
> **-अशोक कुम्भज,** मंडी संचालक
>
> मंडी परिक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने को हाईकोर्ट का आदेश का पालन 6 माह गुजर जाने बावजूद अमल मे नही लाये जाने को लेकर जल्द नोटिस जारी कर पूछा जायेगा।
>
> **-महेन्द्र सवन्नी,** मंडी अपर संचालक

### स्वागत



**तिल्दा नेवरा, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धरसींवा विधानसभा टिकट मिलने के बाद छाया वर्मा का खरोरा आगमन, खरोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। तिल्दा खरोरा धरसिवा विधानसभा छेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा टिकट मिलने के बाद आज प्रथम खरोरा आगमन हुआ जहां ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। खरोरा में विशाल रैली निकाली गई।

### जुआरियों व सटोरियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** गोबरानवापारा एवं गंज थाना पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफकार्रवाई करते हुए कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 41100 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरा नवापारा पुलिस की टीम ने सतनामीपारा में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी तामेश साहू 30 वर्ष सहित अन्य 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 40 हजार रुपए जब्त किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने देवेन्द्र नगर ओव्हरबृज के नीचे सट्टा खिलाते आरोपी मोहम्मद मसीउद्दीन 56 वर्ष व केतन राठौर 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से सट्टा-पट्टी, 2 नग मोबाइल और नकदी 1100 रुपए जब्त किया है।

### पत्नी को जिंदा जलाने के आरोप में पति गिरफ्तार

**सिमगा, 22 अक्टूबर।** सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम किरवई में एक जल्लाद पति ने अपनी पत्नी को बेटा पैदा नहीं करती कहते हुए पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। इस आगजनी में किसी तरह से बची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना कल सुबह की है। ग्राम किरवई में रहने वाला आरोपी सुखमन कटाले का अपनी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता था। विवाद का कारण दंपत्ति का कोई बेटा नहीं होना था। इसके लिए आरोपी सुखमन कटाले अपनी पत्नी को दोष देकर अक्सर मारपीट करता था। कल सुबह भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो आरोपी ने तैश में आकर घर के आंगन में खड़ी मोटर साइकिल से पेट्रोल निकाला और अपनी पत्नी के शरीर में उड़ेल कर आग लगा दिया। पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर घर के लोगों ने किसी तरह से उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। यहां गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता का उपचार चल रहा है। पीड़िता की शिकायत व बयान के आधार पर सिमगा थाना पुलिस ने आरोपी सुखमन के खिलाफ हत्या का प्रयास दर्ज करते हुए उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।

> ■ सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम किरवई का मामला

## जुआ खेलन के आरोप में 5 लोग गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला में शराब जुआ, सट्टा के अवैध कारोबार में सलिप्त आपराधिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में अति0 पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 अक्टूबर को सिरसोला तालाब पार लवन में आरोपियों द्वारा जुआ खिलने के सूचना पर टीम भेज कर दबिश दिया गया एवं रेड कार्यवाही कर 05 आरोपी व फड़ एवं पास से ?50, 320 एवं 52 पत्ती तास के कब्जे बरामद कर जप्त किया गया एवं धारा 13 जुआ एक्ट, छ. ग. जुआ प्रति.अधि. 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. धनंजय यादव, आर. केशव भट्ट, राजेन्द साहू, बहुर सिंह का विशेष योगदान रहा।



### आरोपियों के नाम

» सुनाराम पटेल पिता तिहारु उम्र 35 साकिन अमलीडीह थाना पचपेड़ही जिला बिलासपुर

» कामता प्रसाद पिता परदेशी धुरू साकिन दगोरी थाना बिल्हा


» लक्ष्मण भारद्वाज पिता आनंद उम्र 34 साल साकिन दगोरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर

» राधेश्याम रात्रे पिता पुनीत राम रात्रे उम्र 44 साकिन लवन

» आदित्य टंडन पिता किशोर कुमार उम्र 22 साल साकिन घटचौरा थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर

## समाचार संक्षेप

### गौ रक्षा सबसे बड़ा धर्म



तिल्दा-नेवरा, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भगवान परशुराम जी का सुंदर चित्र जब वह अपनी नन्दिनी को आतताईयों से छूडाकर लाते हैं... सबसे बड़े गौ रक्षक भगवान श्रीविष्णु के अवतार परशुराम जी महाराज से हम सबको सीखनी चाहिए गौ रक्षा हेतु। गौ रक्षा इस धर्म और धरा पर सबसे महत्वपूर्ण क्यों है? गौ नहीं रही तो क्या यह पृथ्वी या स्वयं मनुष्य रह लेगा? तो बिलकुल नहीं गाय खत्म तो पृथ्वी खत्म यह तय है... इस हेतु गाय की रक्षा एवं सम्मान कितना आवश्यक है इससे ही समझ सकते हो। परन्तु स्वयं को ब्राह्मण कहने कहलाने वाले समाज जो सनातन की मार्गदर्शक जिम्मेदारी मिली है उनमे बड़ी आबादी को गौ रक्षा और गौ रक्षक से मतलब नहीं गाय की दुर्दशा होने से कोई मतलब नहीं। जय दादा परशुराम जय परशुराम संगठन सहित फेसबुक सोसल मिडिया पर भरने वाले ब्राह्मण की कमी नहीं है, परन्तु भगवान परशुराम से जरा सा भी गौ रक्षा गौ सेवा नहीं सीखा... वही भगवान परशुराम को जातिवाद मे बांध के सोचने वालों की भी कमी नहीं है, जो जातीवाद को बढ़ावा देते है वर्ण व्यवस्था से मतलब नहीं रखते हद है कि भगवान को भी जाती तक सिमित किया गया। जबकि राम क्षत्रिय थे ब्राह्मण रावण पापी था तो उन्होंने रावण का वध किया उसी प्रकार भगवान परशुराम भी जो उस समय के क्षत्रिय पापी थे उनके वध किया। राम और परशुराम अलग नहीं दोनों। एक है विष्णु दोनों रूपों में और गौ के सम्मान की अद्भुत गौरवशाली गाथा के रूप में।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 21 अक्टूबर को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम गातापार में अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 5000 कीमत मूल्य का कुल 25 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम चंद्रशेखर घिटोड़े पिता रोहित कुमार उम्र 31 साल निवासी ग्राम गातापार थाना पलारी है।

### डबरी में डूबकर मासूम भाई-बहन की मौत

**पलारी, 22 अक्टूबर।** पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम गिरी में एक हृदयविदारक घटना में दो मासूम बच्चों की डबरी में डूबकर मौत हो गई। बच्चों का शव जब बाहर निकाला गया तब भी दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए थे। यह दृश्य देखकर पत्थर दिल इंसानों का भी कलेजा पसीज गया था। हादसे के बाद से ही पूरे गांव में शोक का माहौल छाया हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृत बच्चों का नाम गीतांजलि पिता घनश्याम धीर निवासी गिरी थाना पलारी और केशव पिता भारत धीवर निवासी देवर तिल्दा थाना खरोरा है। दोनों ममेरे-फुफेरे भाई-बहन थे। मृत बच्चों की उम्र साढ़े 5 वर्ष और एक ही करीब 4 वर्ष बताई गई। दोनों बच्चे खेलते-खेलते डबरी की ओर चले गए थे। काफी समय तक जब दोनों नहीं लौटे तो परिजनों ने बच्चों की खोजबीन की। इस बीच पता चला कि दोनों बच्चों को डबरी के पास देखा गया था। इसके बाद घबराए परिजन डबरी की ओर दौड़े, जहां पचरी के पास ही दोनों बच्चों की चप्पलें रखी हुई थी। संदेह होने पर परिजनों के साथ ही ग्रामीणों ने डबरी में उतरकर तलाश की तो दोनों बच्चों का शव मिल गया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। जब बच्चों का शव बाहर निकाला गया तो दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों एक-दूसरे को बचाने के लिए काफी संघर्ष किए होंगे। इस दृश्य देख ग्रामीणों का कलेजा फट पड़ा और पूरे गांव में शोक फैल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लेते हुए शव पीएम के लिए भेज दिया है।

> ■ हृदयविदारक घटना से गांव में शोक का माहौल

### पहले दिन 12 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आज जिले के तीनों विधानसभा हेतु नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार के देखरेख में शुरू हो गई है। नाम निर्देशन पत्र के प्रथम दिन आज संयुक्त जिला कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र हेतु बनाए गए कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44 कसडोल हेतु कुल 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम सरवानी से जगजीवन सतनामी, ग्राम खपरीडीह खुर्द (तिल्दा) मनहरण सतनामी, बलौदाबाजार नगर से प्रमोद शर्मा, ग्राम बरेली गोपकुमार पटेल एवं ग्राम कंजी से लेख राम साहू शामिल है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदा बाजार हेतु कुल 3 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें ग्राम चांपा से डेमन लाल वर्मा, बलौदाबाजार नगर से प्रमोद शर्मा एवं ग्राम तिल्दा से गौकरण निषाद शामिल है। इसी तरह आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-46 भाटापारा हेतु कुल 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। जिसमें हथनीपारा से नारायण साहू, ग्राम कामता से जितेंद्र कुमार, ग्राम खैरी से पंचराम एवं भाटापारा नगर से इंद्र साव शामिल है। इस तरह तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए आज 12 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। साथ ही आज दिनांक को नाम निर्देशन पत्र जमा करने की संख्या निरंक है। गौरतलब है कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने और जमा करने की तिथि 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) सबेरे 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की संवीक्षा 31 अक्टूबर, अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 2 नवंबर, मतदान की तिथि 17 नवंबर व मतगणना की तिथि 3 दिसंबर निर्धारित है।

कांग्रेस प्रत्याशी को बदलने कार्यकर्ताओं ने की बैठक, चयन पर पुनः विचार करने के लिए हाईकमान से की गुजारिश

# जो 5 साल से दावेदारी की रेस में है उसे किनारे करना कार्यकर्ताओं की भावना से खिलवाड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 अक्टूबर।** क्षेत्र क्र. 46 से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी चयन पर पुनः विचार करने हेतु, कांग्रेस प्रमुख कार्यकर्ता बैठक सम्मेलन का आयोजन यज्ञ स्थल तरेंगा मार्ग मे किया गया जिसमे प्रमुख रूप से सतीश अग्रवाल, चैतराम साहू पूर्व विधायक, सुनील माहेश्वरी पूर्व विधायक प्रत्याशी, अमित राधेश्याम शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष, डॉ बसंत भृगु पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यकर्ता समस्त वरिष्ठ कांग्रेसगण, प्रदेश/जिला पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एन.एस.यू. आई, इंटक समस्त प्रकोष्ठ, जोन, सेक्टर, बूथ, बीएलओ, वार्ड कमेटी के पदाधिकारीगणो सहित सभी समाज के प्रमुख लोग व सरपंच जनपद सदस्य पार्षद गण मौजूद थे।









वही उक्त महा बैठक मे लगभग 3000 से अधिक लोग उपस्थित थे कार्यक्रम के उदबोधन मे वरिष्ठ काँग्रेसी नेता सतीश अग्रवाल ने कहा की हमारी सरकार बहुत सारी जनकल्याणकारी योजना जो लाये है उसका लाभ काँग्रेस पार्टी को मिलेगा अगर प्रत्याशी चयन हेतु पुनः विचार होता है तो 5 सालों से काँग्रेस पार्टी मे सक्रिय व समर्पण भाव से कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ताओं के भावनाओं का सम्मान मिलेगा जिससे उत्साहित होकर पूरे जोश खरोश से कांग्रेस प्रत्याशी को जीताने हेतु कृतसंकल्पित होकर कार्य कर सकेंगे वही उपस्थित सभी मुख्य दावेदारों ने भी एक स्वर मे उपस्थिति कार्यकर्ताओं के बीच कहा की जो दावेदारी के रेस मे 5 सालों से निष्ठा व समर्पण भावना से लगे थे उन्हें दरकिनार कर घर में बैठकर सोने वाले को टिकट सौप दिया गया जिससे कि 5 सालों से पार्टी के सेवा करने वाले कार्यकर्ता ठगा सा महसूस कर रहे है वही पूर्व विधायक चैतराम साहू ने कहा की किसी धर्म गुरु के कहने से टिकट दे देना 5 सालों से पार्टी से जुड़कर हर स्तर पर पार्टी के कार्यो मे सक्रिय होकर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है हम पार्टी से दिल्ली व रायपुर जाकर कार्यकर्ताओं के भावनाओं को अवगत कराते हुये पुनः विचार की गुजरिश करेंगे ताकि पार्टी के प्रति समपर्ण व सजकता व एकजुटता भावना सदा बना रहे वही उपस्थित हजारों की भीड ने प्रत्याशी पुनः विचार हेतु हाथ उठाकर समर्थन भी दिया वही सभा को संबोधित करते हुए सुनील महेश्वरी ने कहा की हम सब दिल्ली व रायपुर जाकर कार्यकर्ताओं के भावनाओं को पार्टी आलाकमान को अवगत कराएंगे वही अमित बंटी राधेश्याम शर्मा ने कहा जिसके पार्टी के सर्वे में नाम है उसको टिकट मिलनी चाहिए डॉ बसंत भृगु ने सभी का आभार व्यक्त किया मंच में समाज प्रमुख आदिवासी समाज से प्रमुख बंशी नेताम, सतनामी समाज से राम कुमार डहरे, साहू समाज ढेलुराम साहू, खुबीराम साहू, सेन समाज से डोमार सेन, देवांगन समाज से कुंजिराम, सिन्धी समाज से रवि मंधन, ठाकुर समाज से भुवन सिंह ठाकुर, ब्राम्हण समाज से सत्यनारण जोशी, नरेश चौबे वर्मा समाज से कामता वर्मा, दुर्गेश वर्मा, दीपक वर्मा सभापति, हेमंत ध्रुव जनपद सदस्य, समीर ध्रुव पार्षद, प्रमेन्द्र तिवारी पार्षद, दशरथ साहू पार्षद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद धनजय तिवारी, रिंकू भाटिया, विवेक अग्रवाल, संतोष दाऊ, लगभग सभी समाज के प्रमुख व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** टीवी 24 न्यू चैनल पंजाबी कालोनी में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमित शर्मा 29 वर्ष कृष्णा नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 4423 को टीवी 24 न्यू चैनल पंजाबी कालोनी में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** दही हाण्डी के पास श्रीनगर में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पियूष सिंह 20 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी सत्यम बाग व अमित ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** झंडा चौक के पास वाल्मिकीनगर में पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम अनिता सूर्य 22 वर्ष व एक अन्य है। पुलिस ने इसके पास से 45 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 6 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव का समापन



**रायपुर, 22 अक्टूबर।** राजधानी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव का समापन हो गया। देश में पहली बार इस तरह का आयोजन विश्व समुदाय व वैश्विक परिवार के लिए चर्च ऑफनार्थ इंडिया ने कराया। अंतिम दिन बीमारों, किसानों, व्यापारियों, पर्यावरण, मौसम, अच्छी फसल की पैदावार, पीड़ितों व दीन-दुखियों तथा समाज के हर वर्ग के लिए प्रार्थना की गई। सीएनआई के मॉडरेटर द मोस्ट बी.के. नायक ने घोषणा की कि छत्तीसगढ़ से प्रारंभ हुई यह अनोखी पहल भविष्य में भी जारी रहेगी। अगला राष्ट्रीय प्रार्थना महोत्सव गुजरात डायसिस में होगा। हर वर्ष नई डायसिस के मेजबानी सौंपी जाएगी। इस मौके पर मॉडरेटर नायक, पटना के बिशप फ्रांसिस हांसदा व छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप एसके नंदा ने प्रभु भोज का पवित्र संस्कार संपन्न कराया। उपाध्यक्ष पादरी सुषमा कुमार, सचिव नितिन लॉरेंस, कोषाध्यक्ष अजय जॉन समेत कार्यकारिणी के मेंबर शामिल हुए।

### चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** सेजबहार पुलिस ने धान मंडी चौक दतरेंगा में चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात पुलिस को सूचना मिली कि धान मंडी चौक दतरेंगा में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नीरज गंधर्व 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### प्रतिबंधित कैप्सूल सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** कबीरनगर पुलिस ने प्रतिबंधित केप्सूल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस को सूचना मिली कि वाल्मिकी नगर में तीन युवक नशीली दवाई बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सोहेब खान 28 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से प्रतिबंधित केप्सूल 790 नग एवं बिक्री रकम 600 रुपए जब्त किया है।

# तेरे करीब आकर बड़ी उलझन में हूँ... मैं गैरों में हूँ या तेरे अपनों में हूँ...




भारतीय जीवन का वर्तमान दौर निःसन्देह सबसे चिंताजनक कालचक्र है। बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है। उद्योग धंधे मंदे पड़े हुए हैं, छोटे दुकानदार कर्ज में डूबे हुए हैं। बैंकों से प्रभावशाली पूंजीपतियों की लाखों करोड़ की लूट सरकार की मिलीभगत से हो रही हैज्? मध्यमवर्गीय परिवार, बच्चों की महंगी होती जा रही शिक्षा के बोझ से दबे हुये हैं। अस्पतालों की लूट पर कोई अंकुश नहीं है। चारों तरफ एक ही माहौल है निराशा का.। अगर कुछ फल-फूल रहा है तो वो है नफरत फैलाने का कारोबार..। युवा पीढ़ी के दिमाग में जहर भरा जा रहा है।उनके हाथों में हुनर से जीविकोपार्जन करने वाले औजार नहीं बल्कि पत्थर और हथियार हैं।ये बच्चे उन भड़काऊ नेताओं की औलादें नहीं हैं, जो सत्ता को सांप्रदायिक आग से चमका रहे हैं।ये किसी परिवार के अपेक्षा के अंश हैं, जो इस्तेमाल हो रहे हैं।हिन्दू सनातन धर्म इतना कमजोर नहीं है कि किसी दूसरे धर्म के कट्टर अनुयायियों के कारण खतरे में पड़े। न मुगलों के दौर में और न ही अंग्रेजों-ईसाइयों के दौर में, कोई खतरा हुआ! अब किसकी मजाल..! फिर क्यों बेवजह एक वर्ग के खिलाफ देश भर में नफरती माहौल बनाया जा रहा है? आपका तो नारा और दावा है सबका साथ सबका विकास।विपक्षी दलों की तो वैसे ही सांसे उखड़ी हुई हैं।क्योंकि जांच एजेंसियों का शिकंजा कई नेताओं की हालत पतली कर चुका है जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। कुछ मीडिया संस्थानों पर कोई टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है! न्यायपालिका की भी सीमाएं हैं। अब तो आम जनता को खुद एक जिम्मेदार नागरिक की जिम्मेदारी को समझना होगा। भावी भारत की पीढ़ी को एक शांतिपूर्ण, सहअस्तित्व और विकसित देश मिले इसके लिए गलत का विरोध करना चाहिए, तटस्थता कहीं भारी न पड़ जाए!

### भाजपा के बड़े नेताओं को उनके घर में घेरने की कांग्रेस की रणनीति...

छत्तीसगढ़ में अब आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहां किससे टक्कर होगी यह लगभग स्पष्ट हो गया है। भाजपा के बड़े नेताओं को उनके घर में घेरने की रणनीति कॉग्रेस ने बनाई है। वैसे भाजपा के लगभग सभी बड़े नेता पूर्व सीएम, नेता प्रतिपक्ष, सभी पूर्व मंत्री, 4 सांसद, भाजपा अध्यक्ष, 3 महासचिव चुनाव समर में हैं। कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष तथा सांसद दीपक बैज को ही उम्मीदवार बनाया है।राजेश मुणत के खिलाफ विकास उपाध्याय, नारायण चंदेल के खिलाफ व्यास कश्यप, अमर अग्रवाल के विरुद्ध शैलेश पांडे, प्रेम प्रकाश पांडे के विरुद्ध देवेंद्र यादव, भाजपा के प्रबल प्रताप सिंह के विरुद्ध अटल श्रीवास्तव (पूर्व लोकसभा प्रत्याशी) कोटा, छ्ग के अभिनेता अनुज शर्मा के खिलाफ छाया वर्मा (पूर्व राज्य सभा सदस्य)धरसींवा, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष मोती लाल साहू के विरुद्ध पंकज शर्मा रायपुर ग्रामीण, रामसुन्दर दास रायपुर दक्षिण (बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ)सांसद गोमती साय के खिलाफ वरिष्ठ विधायक रामपुकार सिंह पत्थलगांव, भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के खिलाफथानेश्वर साहू, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के खिलाफ गुलाब सिंह कमरों भरतपुर-सोनहत, पूर्व आईएएस और प्रदेश महासचिव ओपी चौधरी के खिलाफ प्रकाश शक्राजीत नायक रायगढ़, दूसरे महासचिव विजय शर्मा के खिलाफ मो अकबर, एक और महासचिव केदार कश्यप के खिलाफ चंदन कश्यप को प्रत्याशी बनाया है।






### महिला आरक्षण केवल झुनझुना ही साबित...

देश की मोदी सरकार ने संसद का विशेष सत्र आयोजित कर 33त्न महिलाओं को लोकसभा सहित देश की सभी विधानसभाओं में आरक्षण का बिल पास किया था, कांग्रेस सहित सभी दलों ने इसका समर्थन किया था।इसे परिसीमन पर लगे प्रतिबन्ध के चलते तत्काल लागू नहीं किया गया पर अभी के छ्ग विधानसभा चुनाव में महिलाओं को प्राथमिकता देने में क्या दिक्कत थी..? महिला आरक्षण की बात करनेवाली राजनीतिक पार्टी ने छ्ग कीविधानसभा चुनाव में कम महिलाओं को ही टिकट दिया है। छ्ग में घोषित विधानसभा प्रत्याशियों में भाजपा ने 86 में 15 तथा कांग्रेस ने घोषित 83 में 13 महिलाओं को ही अभी तक विधानसभा की टिकट दी है।जबकि मौजूदा विस में पूरे देश में सबसे अधिक महिलाओं को प्रतिनिधित्व छ्ग में था।इसमें खास बात है कि यहां कांग्रेस की भूपेश के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद 5 विधानसभा के उपचुनाव हुए। जिसमें 3 महिला प्रत्याशी को टिकट दिया। ये सभी अपने-अपने विधानसभा चुनाव में विजयी भी हुई। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में कुल 90 विधानसभा सीटों पर 16 महिला विधायक थीं। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की 90 सीट में से 13 सीटें महिलाओं ने जीत हासिल की थी।



### राजनांदगांव में कांग्रेस, भाजपा से बाहरी प्रत्याशी...

कांग्रेस ने राजनांदगांव में एक बार फिर बाहरी प्रत्याशी को मौका दिया, जिससे भाजपा को आसानी हो सकती है। यहां गिरीश देवांगन को टिकट दी गई है। स्व. उदय मुदलियार के बेटे जितेंद्र मुदलियार का नाम जोरों से चला था, लेकिन गिरीश देवांगन का नाम सामने आया। पिछली बार करुणा शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दी थी। उन पर भी बाहरी होने का आरोप लगा। वैसे, कांग्रेस के पास भी यही तर्क है कि डॉ. रमन सिंह भी तो बाहरी ही हैं। वे कवर्धा से क्यों नहीं लड़ते हैं।

### कांग्रेस ने 18 विधायकों की टिकट काटी तो भाजपा ने सिर्फ 1 की...

कांग्रेस ने अभी तक घोषित 83 में 17 विधायकों के टिकट काट दिये हैं। जिनकी टिकट कटी हैं उसमे पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से ममता चंद्राकर, खुज्जी से छन्नी साहू, कांकेर से शिशुपाल शोरी, डोंगरगढ़ से भुवनेश्वर सिंह , रामानुजगंज से बृहस्पत सिँह, प्रतापपुर से प्रेमसाय टेकाम, जगदलपुर से रेखचंद जैन, बिलाईगढ़ से चंद्रदेव राय, सामरी से चिंतामणि महाराज, लैलूंगा से चक्रधरसिंह, तानाखार से मोहित केरकेट्टा, मनेन्द्रगढ़ से डॉ विनय जायसवाल को मौका नहीं दिया गया है। नवागढ़ क्षेत्र से गुरु दयाल बंजारे, अंतागढ़ से अनूप नाग, चित्रकोट राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा क्षेत्र से देवती कर्मा की जगह बेटे छविंद्र कर्मा को मौका मिला है।धरसींवा से अनीता शर्मा की टिकट काट दी गई है।रायपुर ग्रामीण से सत्यनारायण शर्मा की जगह उनके बेटे पंकज शर्मा को प्रत्याशी बनाया है।इधर भाजपा ने विंद्रानवागढ़ से मौजूदा विधायक डमरूधर पुजारी की टिकट काटी है।

### और अब बस...

- » बाबा पर 2 विधायकों की राजनीतिक हत्या का आरोप जरूर लग रहा है?
- » बस्तर की एकमात्र सामान्य सीट जगदलपुर से भाजपा/कॉग्रेस के पूर्व महापौर चुनाव समर में हैं।
- » छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बनाई जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी की वर्तमान स्थिति कुछ ठीक नहीं दिख रही है।

# शारदेय नवरात्र शक्ति की पूजा का पर्व: शारदा वर्मा

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** डागा कालेज आईक्यूएसी के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में 19 अक्टूबर को गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया तथा समारोह में शारदा वर्मा (आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छ.ग) महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी, गोकुलदास डागा, प्राचार्य डॉ. संगीता घई उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शारदा वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शारदेय नवरात्र शक्ति का पर्व है जिसमें देवी के नवरूपों का वर्णन करते हुए अवगत कराया कि जब विपत्ति आती है तो उसका सामना करने के लिए 'स्त्री' काली का रुप धारण कर लेती हैं और स्नेह की बात आती है तो ममतामयी माता का रुप धारण कर लेती है। साथ ही साथ उन्होंने प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ नैतिक, व्यवहारिक मानवीय मूल्यों तथा गुणों का भी विकास कराना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ.गायत्री शर्मा, डॉ.स्मृति अग्रवाल, डॉ पद्मा शर्मा, डॉ रेणुका बक्षी, डॉ.शिखा मित्रा, डॉ .पूनम आहुजा समस्त प्राध्यापक गण कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।



# सद्गुणों के ग्रहण और विकारों के परित्याग से ही हम बन सकते हैं राम: डॉ. आदित्य

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** नवरात्रि व विजयादशमी के पावन अवसर पर छात्रों को प्रेरक व्याख्यान सत्र की श्रृंखला में विप्र महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम भक्त डॉ .आदित्य शुक्ल (वैज्ञानिक, कवि, लेखक एवं प्रेरक वक्त बेंगलुरु) ने क्या हम राम बन सकते हैं? विषय पर रोचक एवं प्रेरक उद्बोधन में बताया कि सदुणों का संग्रहण और विकारों का परित्याग कर हम भी राम बन सकते हैं राम को पहले गुरु के रूप में स्वीकार करें और उनके सदुणों को अपने आचरण में उतार कर अपने दिव्यता को प्रकट करें तब उनके भगवान स्वरूप का हमें अनुभव होगा।डॉ आदित्य शुक्ला ने कहा ग्रंथ और पुराण को पढ़ने या सुनने से मुक्ति नहीं मिलती युक्ति मिलती है और युक्ति का अपने जीवन में उपयोग करने से मुक्ति मिलती है। राम के स्वरूप का स्मरण और राम के चरित्र का चिंतन से आत्मा के सहज गुणों पवित्रता, प्रसन्नता , शांति, प्रेम , ज्ञान, सरलताऔर शक्ति आदि को हम आत्मसात करते हैं और मन के विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार आदि दूर होते हैं। राम बनने के लिए राम जैसे बनने की इच्छा रखना पहला कदम है। फिर जितना हम अपने अंदर के सदुणों का संग्रहण एवं विकास करते जाएंगे राम के करीब पहुंचते जाएंगे। उन्होंने कहा लक्ष्य और साधन के बीच का सामंजस्य ही सफलता है और राम के जीवन से हम यह अच्छी तरह सीख सकते हैं। डॉ. आदित्य शुक्ल ने शिक्षा नीति की समस्या को बताते हुए कहा कि इतिहास सिर्फ घटनाक्रम का वर्णन करता है, जो विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल है। जबकि धर्म ग्रंथो में पौराणिक पात्रों को नायक, मार्गदर्शन एवं गुरु कहा जाता है जो जीवन मूल्य का महत्व बताता है। नैतिक गुणों के विकास के उपाय बताते हैं, परंतु हमारे पुराण या धर्म ग्रंथो को हमने सीनियर सिटीजन के लिए छोड़ कर रख दिया है।



# निर्माया फाउंडेशन ने लोगों को कैंसर के प्रति किया जागरूक




**रायपुर, 22 अक्टूबर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय, रायपुर में महिला प्रकोष्ठ एवम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा, महिलाएं एवं कैंसर जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल के नेतृत्व एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ उषा किरण अग्रवाल एवम महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में, छात्राओं में कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु निर्माया कैंसर फाउंडेशन द्वारा कैंसर के विषय में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सुदेशना रूहान उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ.नंदा गुरवारा ने करते हुए बताया की कैंसर कोशिकाओं की अनियमित वृद्धि से होता है एवं अच्छी जीवनशैली से इस पर विजय पाई जा सकती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरन गजपाल ने बताया की पहले कैंसर का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं लेकिन अब कैंसर के बारे में काफी अधिक जागरूकता एवं जानकारी के साथ ही लोग अपनी जीवनशैली के लिए भी जागरूक होकर कैंसर पर विजय प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुदेशना रूहान ने विषय के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि कैंसर कई तरह के होते हैं जिसमे से ब्लड कैंसर, ब्लड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर इत्यादि। कैंसर के कई कारण हो सकते है जिसमे से खाने पीने संबंधी खराब आदतें, साफसफाई नहीं रखना, नशे की आदतें, अधिक तनाव मुख्य होते है। उन्होंने आगे बताया की यदि स्वस्थ जीवन व्यतीत करना है तो स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नंदा गुरवारा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, एवं 100 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्राचीन रावणभाठा मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारी तेज

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में मंगलवार को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में दशहरा को लेकर खास तैयारियां चल रही हैं। वहीं शहर के डब्ल्यूआरएस कालोनी, समता कालोनी, बीटीआई ग्राउंड में भी दशहरा मनाने जोरदार तैयारी की जा रही है।

विजयादशमी पर्व के लिए दशहरा मैदानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। शहर के सबसे प्राचीन व ऐतिहासिक महत्व के रावणभाठा मैदान में इसके लिए खास तैयारियां की जा रही है। दशहरा उत्सव समिति के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावणभाठा मैदान में रावण के साथ कुंभकरण व मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। इसके पश्चात जोरदार आतिशबाजी की जाएगी जो कि देखने लायक होगी। इसके पूर्व मैदान में अखाड़ों का प्रदर्शन अनेक अखाड़ा समितियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान पतंगबाजी भी दिन भर चलती रहेगी। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद प्राचीन दूधाधारी मंदिर से श्रीराम-लखन की सवारी रावणभाठा मैदान आएगी। यहां श्रीराम व रावण की सेना के मध्य भयंकर युद्ध का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। अंत में श्रीराम के द्वारा रावण पुतले पर अग्निबाण छोड़कर रावण का अंत किया जाएगा। इसके पश्चात रावण पुतले का दहन होगा। इस दौरान मैदान के चारों ओर से भव्य और आकर्षक आतिशबाजी दर्शकों को रोमांचित करती रहेगी। इसी तरह डब्ल्यूआरएस कालोनी में भी रावण का विशाल पुतला तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा यहां भी मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला दहन किया जाएगा। बीटीआई ग्राउंड, समता कालोनी सहित शहर के अन्य इलाकों में रावण दहन व दशहरा उत्सव की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं।

# अवैध होर्डिंग और पोस्टरों से निगम को लग रही मोटी चपत, फिर भी नहीं कसा शिकंजा

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स, पोस्टर और फ्लैक्स लगाने वालों पर शिकंजा नहीं कस पाया है. जबकि इससे निगम के राजस्व को हर साल लाखों रुपए की चपत लगती है. इसके बावजूद निगम का अमला ऐसे अवैध कारोबार पर रोक लगाने में काफी पीछे है.

त्योहारी सीजन में इस तरह के कारोबार बढ़ जाते हैं, किसी भी रोड पर झांकियों की आड़ में स्वागत द्वार बनकर पोस्टर-बैनर चस्पा किए जा चुके हैं. दूसरी तरफ आचार संहिता लगने के साथ ही नेताओं वाले अवैध होर्डिंग्स, पोस्टर-बैनर हटाने का दावा नगर निवेशक विभाग करता है.कॉलोनियों से लेकर मुख्य मार्गो पर होर्डिंग्सबता दें कि आनंदनगर में केनाल लिंकिंग रोड के कार्नर में कई सालों से दो-दो बड़े होर्डिंग्स लगा दिए गए थे, उसकी जांच अब की जा रही है. दावा यह भी किया जा रहा है कि उसका 2-2 लाख रुपए एक निजी व्यक्ति द्वारा किराया लिया जा रहा था, वह बंद करा दिया गया है. इसके साथ ही एक होर्डिंग उस जगह से निकालने की भी कार्रवाई की गई. परंतु शहर में ऐसे कई जगह अवैध होर्डिंग्स कारोबार का धंधा फल-फूल रहा है. हैरानी ये है कि चुनावी माहौल बनाने के लिए कॉलोनियों से लेकर मुख्य मार्गों पर जहां जगह दिखाई दी, वहीं होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और झंडे टांगे जा रहे हैं. उसकी कोई निगरानी नहीं है.

**करीब 24 करोड़ का है होर्डिंग्स कारोबार:** शहर में अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स की संख्या दिनों दिन बढ़ी है. अवैध होर्डिंग को लेकर कुछ दिन पूर्व निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक में सख्त निर्देश दिए थे, परंतु मुख्यालय की टीम से लेकर जोन स्तर पर पुख्ता तौर पर कार्रवाई नहीं की गई. अभी नगर निगम को हर साल होर्डिंग्स विज्ञापन नीति से लगभग 24 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है, लेकिन अवैध कारोबार पर रोक लग जाने पर यह राशि और बढ़ सकती है.






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23